वर्ष- 02 अंक- 135
छपरा
5 अप्रैल, शनिवार 2025
पृष्ठ - 04

# दैनिक खोजखबर

खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू

E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com
E-Paper
website : www.dainikkhojkhabar.live

पीएम मोदी की बांग्लादेश दो टूक

# हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करें अनावश्यक बयानबाजी से बचें

**बैंकाक, एजेंसी।** थाईलैंड में बिम्सटेक बैठक के दौरान पीएम नरेंद्र मोदी ने बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस से हिंदुओं समेत अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने पर जोर दिया. उन्होंने बांग्लादेश को अनावश्यक बयानबाजी से बचने की नसीहत दी और सीमा सुरक्षा मजबूत करने पर भी चर्चा की.

थाईलैंड में आयोजित बिम्सटेक सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बांग्लादेश सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस के बीच एक महत्वपूर्ण बैठक हुई. यह बैठक बांग्लादेश की ओर से किए गए विशेष प्रयासों के बाद संभव हो पाई. बातचीत के दौरान भारत ने कई प्रमुख मुद्दों पर अपनी चिंता व्यक्त की और बांग्लादेश से आवश्यक कदम उठाने की अपील की. प्रधानमंत्री मोदी ने बैठक में बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों, विशेष रूप से हिंदू समुदाय की सुरक्षा का मुद्दा उठाया. उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि बांग्लादेश सरकार को अल्पसंख्यकों की रक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए और किसी भी प्रकार के अत्याचार को रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाने चाहिए. इसके साथ ही, पीएम मोदी ने पड़ोसी देश को अनावश्यक बयानबाजी से बचने की सलाह भी दी, जिससे दोनों देशों के रिश्तों में और तनाव न बढ़े. विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने इस बैठक की जानकारी देते हुए कहा कि भारत हमेशा एक स्थिर, लोकतांत्रिक, शांतिपूर्ण और समावेशी बांग्लादेश का समर्थन करता रहा है.



## तनावपूर्ण स्थिति से बचने और संयम बरतने की भी सलाह दी

उन्होंने बताया कि पीएम मोदी ने बैठक के दौरान हिंदुओं सहित अन्य अल्पसंख्यक समुदायों के प्रति हो रही हिंसा और भेदभाव की घटनाओं को गंभीरता से लिया और इस पर चिंता जताई. इसके अलावा, पीएम मोदी ने मोहम्मद यूनुस को तनावपूर्ण स्थिति से बचने और संयम बरतने की भी सलाह दी. इस बैठक में भारत और बांग्लादेश के बीच सीमा सुरक्षा को लेकर भी चर्चा हुई. पीएम मोदी ने बांग्लादेश से सटी सीमा पर अवैध घुसपैठ रोकने के लिए सुरक्षा को और मजबूत करने की आवश्यकता पर बल दिया. उन्होंने कहा कि सीमा पार से होने वाली अवैध गतिविधियों को रोकना दोनों देशों के हित में है. गौरतलब है कि हाल ही में शेख हसीना सरकार के तख्तापलट के बाद भारत और बांग्लादेश के संबंधों में तनाव बढ़ गया है. मोहम्मद यूनुस के प्रशासन में आने के बाद से बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों, खासतौर पर हिंदू समुदाय पर हमलों की घटनाएं बढ़ी हैं. इस मुद्दे को लेकर भारत पहले भी चिंता जता चुका है, और अब बिम्सटेक बैठक में इसे प्रमुखता से उठाया गया. प्रधानमंत्री मोदी ने यह स्पष्ट किया कि भारत एक अच्छे पड़ोसी का धर्म निभाते हुए बांग्लादेश को हरसंभव सहयोग और समर्थन देता रहेगा. हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि बांग्लादेश को अपने आंतरिक मामलों में सावधानी बरतनी चाहिए।

वक्फ बोर्ड का मामला पहुंचा सुप्रीम कोर्ट

# सरकार के फैसले के खिलाफ याचिका दायर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** वक्फ बोर्ड का मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है. सरकार के फैसले के खिलाफ कांग्रेस नेता मोहम्मद जावेद ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की. कांग्रेस सांसद मोहम्मद जावेद ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर वक्फ संशोधन को मुस्लिम समुदाय के प्रति भेदभावपूर्ण और उनके मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करने वाला बताया है. लोकसभा में कांग्रेस पार्टी के सचेतक जावेद, वक्फ (संशोधन) विधेयक 2024 पर संयुक्त संसदीय समिति के सदस्य थे. याचिका में उन्होंने तर्क दिया है कि यह कानून संविधान के अनुच्छेद 14 (समानता का अधिकार), 25 (धर्म का पालन करने की स्वतंत्रता), 26 (धार्मिक मामलों के प्रबंधन की स्वतंत्रता), 29 (अल्पसंख्यक अधिकार) और 300 (संपत्ति का अधिकार) का उल्लंघन करता है. याचिकाकर्ता ने कहा है कि कानून किसी व्यक्ति के धार्मिक अभ्यास की अवधि के आधार पर वक्फ के निर्माण पर प्रतिबंध लगाता है.

याचिका में कहा गया है, ÷इस्लामी कानून, रीति-रिवाज या मिसाल में इस तरह की सीमा निराधार है और यह अनुच्छेद 25 के तहत धर्म को मानने और उसका पालन करने के मौलिक अधिकार का उल्लंघन करती है. इसके अतिरिक्त, यह प्रतिबंध उन व्यक्तियों के साथ भेदभाव करता है, जिन्होंने हाल ही में इस्लाम धर्म अपनाया है और धार्मिक या धर्मार्थ



उद्देश्यों के लिए संपत्ति समर्पित करना चाहते हैं, जिससे अनुच्छेद 15 का उल्लंघन होता है.

याचिका में यह भी कहा गया है कि वक्फ बोर्ड और केंद्रीय वक्फ परिषद की संरचना में संशोधन करके वक्फ प्रशासनिक निकायों में गैर-मुस्लिम सदस्यों को शामिल करना धार्मिक शासन में एक अनुचित हस्तक्षेप है, जबकि हिंदू धार्मिक बंदोबस्तों का प्रबंधन विभिन्न राज्य अधिनियमों के तहत विशेष रूप से हिंदुओं द्वारा किया जाता है.

जावेद ने कहा है कि अन्य धार्मिक संस्थानों पर समान शर्तें लगाए बिना यह चुनिंदा हस्तक्षेप एक मनमाना वर्गीकरण है और अनुच्छेद 14 और 15 का उल्लंघन करता है. यह कानून वक्फ संपत्तियों के विनियमन को संबोधित करने के लिए वक्फ अधिनियम, 1995 में संशोधन करने का प्रस्ताव करता है. वक्फ इस्लामी कानून के तहत धार्मिक या धर्मार्थ उद्देश्यों के लिए विशेष रूप से समर्पित संपत्तियों को संदर्भित करता है.

## हादसे में 8 महिलाओं की मौत, मुख्यमंत्री ने की आर्थिक मदद की घोषणा



**मुंबई, एजेंसी** महाराष्ट्र के नांदेड़ जिले में एक दर्दनाक हादसा हुआ, जहां आलेगांव शिवरा गांव के पास मजदूरों को ले जा रही एक ट्रैक्टर ट्रॉली कुएं में गिर गई। इस हादसे में 8 महिलाओं की मौत हो गई। यह घटना शुक्रवार सुबह हुई। स्थानीय पुलिस के अनुसार, बचाव कार्य में तीन महिलाओं को सुरक्षित निकाल लिया गया, जबकि 8 शवों को बाहर निकालने की कोशिश जारी है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने इस घटना पर दुख जताया। उन्होंने अपने एक्स हैंडल पर लिखा कि महिलाएं हिंगोली के गुंजगांव की थीं और मजदूरी करती थीं। हादसे की सूचना मिलते ही प्रशासन ने युद्ध स्तर पर बचाव शुरू किया।

## भाजपा ने ममता से मांगा इस्तीफा

नई दिल्ली, एजेंसी। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को पश्चिम बंगाल सरकार को बड़ा झटका देते हुए राज्य सरकार और सहायता प्राप्त स्कूलों में 25,753 शिक्षकों और अन्य कर्मचारियों की नियुक्ति को अवैध करार दिया. इसके साथ ही इस पूरी चयन प्रक्रिया को ''त्रुटिपूर्ण और विकृत बताया. अब सुप्रीम कोर्ट के फैसले को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने पश्चिम बंगाल सीएम ममता बनर्जी पर निशाना साधा है. बीजेपी ने शुक्रवार को मांग की कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद इस्तीफा दें. केंद्रीय मंत्री और पश्चिम बंगाल बीजेपी अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने दावा किया कि शिक्षकों भर्ती में जेल जाने वाली बनर्जी हरियाणा के ओ पी चौटाला के बाद दूसरी मुख्यमंत्री होंगी. वहीं पार्टी के प्रवक्ता संबित पात्रा ने जोर देकर कहा कि अगर बीजेपी राज्य में सत्ता में आती है तो कानून की पूरी ताकत उन पर पड़ेगी. संबित पात्रा ने कहा, ममता बनर्जी को अब सत्ता में रहने का कोई अधिकार नहीं है. अगर उनमें जरा भी जिम्मेदारी की भावना बची है तो उन्हें पद छोड़ देना चाहिए... वे निश्चित रूप से जेल जाएंगी.

## दिग्गज अभिनेता मनोज कुमार का 87 साल की उम्र में निधन



**मुंबई, एजेंसी**

भारतीय अभिनेता और फिल्म निर्देशक मनोज कुमार का शुक्रवार सुबह निधन हो गया। वे 87 साल के थे। उन्हें अपनी देशभक्ति फिल्मों के लिए जाना जाता था। उनकी देश प्रेम वाली फिल्मों के लिए उन्हें %भारत कुमार% के नाम से भी जाना जाता था। उन्होंने कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी अस्पताल में अंतिम सांस ली। इस खबर के बाद पूरे देश में शोक की लहर है। दोपहर बाद विशाल टॉवर, जुहू में उनके अंतिम दर्शन किए जा सकेंगे। कल सुबह पवन हंस श्मशान घाट, जुहू में उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। मेडिकल रिपोर्ट के मुताबिक, भारत कुमार के नाम से मशहूर अभिनेता ने सुबह 3ः30 बजे अंतिम सांस ली। उनके निधन की वजह दिल का दौरा बताई गई। रिपोर्ट ने यह भी पुष्टि की गई कि मनोज कुमार पिछले कुछ महीनों से डीकंपेंसेटेड लिवर सिरोसिस से जूझ रहे थे। उनकी हालत बिगड़ने के बाद उन्हें 21 फरवरी, 2025 को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। भारतीय सिनेमा में मनोज कुमार के योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा।

### कई प्रतिष्ठित पुरस्कारों से सम्मानित किया गया था

कई प्रतिष्ठित पुरस्कारों से सम्मानित किया गया था।उनके नाम एक राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार और अलग-अलग श्रेणियों में सात फिल्मफेयर पुरस्कार शामिल हैं। भारतीय कला में उनके अपार योगदान के सम्मान में सरकार ने उन्हें 1992 में पद्म श्री से सम्मानित किया।उन्हें 2015 में दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

# बजट सत्र 2025 में संसद ने बनाया नया रिकॉर्ड 17 घंटे से अधिक चली चर्चा : किरेन रिजिजू

**नई दिल्ली, एजेंसी**

केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में बजट सत्र 2025 के समापन की जानकारी दी। उन्होंने इस सत्र को बेहद उत्पादक बताते हुए कहा कि संसद ने नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। रिजिजू ने लोकसभा और राज्यसभा के सभी सदस्यों, अध्यक्षों, स्पीकर और राजनीतिक दलों के नेताओं का आभार जताया, जिनके सहयोग से यह संभव हुआ। रिजिजू ने बताया कि इस सत्र में राज्यसभा ने 17 घंटे और 2 मिनट की लंबी चर्चा के साथ इतिहास रचा। संशोधन विधेयक पर यह चर्चा हुई, जिसने 1981 के 15 घंटे 51 मिनट के पिछले रिकॉर्ड को तोड़ दिया। यह बहस 3 अप्रैल को सुबह 11 बजे शुरू हुई और 4 अप्रैल को तड़के 4ः02 बजे तक चली। खास बात यह रही कि इस दौरान एक भी व्यवधान नहीं हुआ। रिजिजू ने इसे एक बड़ी उपलब्धि करार देते हुए कहा कि इस रिकॉर्ड को तोड़ना मुश्किल होगा। लोकसभा में भी सत्र बेहद सफल रहा। यहां 13 घंटे से अधिक समय तक रेलवे, ऊर्जा, कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय से जुड़े अनुदानों की मांगों पर चर्चा हुई। वहीं, राज्यसभा में शिक्षा, रेलवे, स्वास्थ्य, परिवार कल्याण और गृह मंत्रालय के कामकाज पर विचार-विमर्श हुआ।



रिजिजू ने कहा कि दोनों सदनों में चर्चा के दौरान आलोचना, सुझाव और स्पष्टीकरण का स्वस्थ आदान-प्रदान हुआ, लेकिन कोई स्थगन या व्यवधान नहीं देखा गया। उन्होंने संसदीय टीम के सहयोगियों अर्जुन मेघवान और एल. मोहन, सचिव (संसदीय विभाग) और अन्य अधिकारियों को भी धन्यवाद दिया। रिजिजू ने कहा, हमने नियमों, परंपराओं और प्रक्रियाओं का सम्मान करते हुए संसद का संचालन किया। सरकार की ओर से हम प्रधानमंत्री, सभी दलों के नेताओं और फ्लोर लीडर्स के प्रति आभार व्यक्त करते हैं।

इस सत्र की उत्पादकता की लोकसभा अध्यक्ष और राज्यसभा सभापति पहले ही सराहना कर चुके हैं। रिजिजू ने इसे दोहराते हुए कहा कि सदस्यों के धैर्य और योगदान से यह संभव हुआ। उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस में सवालों के लिए भी समय दिया और कहा कि कोई स्पष्टीकरण चाहिए हो, तो पूछा जा सकता है। रिजिजू ने इसे लोकतंत्र की मजबूती का प्रतीक बताया और कहा कि सरकार सभी आलोचनाओं को स्वीकार करती है, साथ ही बेहतर कामकाज के लिए सुझावों का भी सम्मान करती है। इस सत्र ने संसदीय इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ा है।

## भाजपा कार्यकर्ता ने की आत्महत्या,कांग्रेस विधायक के खिलाफ टिप्पणी करने पर किया गया था गिरफ्तार

**बंगलूरू,एजेंसी।** कर्नाटक भाजपा कार्यकर्ता विनय सोमैया ने शुक्रवार को कथित तौर पर एक कार्यालय में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सोमैया को कांग्रेस विधायक एएस पोन्ना के खिलाफ टिप्पणी करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। पुलिस के अनुसार, भाजपा कार्यकर्ता अपमान बर्दाश्त नहीं कर पाया, जिसके चलते उसने आत्मघाती कदम उठा लिया। 30 वर्षीय सोमैया कोडगु जिले का रहने वाला था। पुलिस ने एक कथित सुसाइड नोट बरामद किया है। जिसमें कहा गया है कि करीब दो महीने पहले कांग्रेस कार्यकर्ता तेन्नेरा मैना की शिकायत पर मडिकेरी पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार किया था। शिकायत में कहा गया है कि उन्होंने विराजपेट के कांग्रेस विधायक पोन्ना के खिलाफ कुछ टिप्पणियां पोस्ट की थीं। पोन्ना मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के कानूनी सलाहकार हैं। विनय को व्हाट्सएप ग्रुप का एडमिन बताया गया था। हालांकि बाद में उन्हें जमानत पर रिहा कर दिया गया। सुसाइड नोट में सोमैया ने आरोप लगाया है कि उनके खिलाफ दर्ज की गई एफआईआर राजनीति से प्रेरित थी, जिसके चलते उन्हें और उनके परिवार को अपमान का सामना करना पड़ा। मृतक ने सुसाइड नोट में नामित लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। वहीं, भाजपा ने सोमैया के लिए न्याय की मांग करते हुए मदिकेरी में विरोध प्रदर्शन किया। पुलिस के अनुसार, पोस्टमॉर्टम चल रहा है। मामले की जांच की जाएगी। सोमैया की मौत के बाद, गृह मंत्री जी परमेश्वर ने संवाददाताओं से बात की। इस दौरान उन्होंने आश्वासन दिया कि पुलिस मामले की जांच करेगी।

संसद से वक्फ बिल पारित होने के बाद आक्रोश

# अहमदाबाद-कोलकाता समेत कई शहरों में प्रदर्शन, की नारेबाजी

**अहमदाबाद, एजेंसी**

संसद के बजट सत्र के दौरान दोनों सदनों- लोकसभा और राज्यसभा से वक्फ संशोधन बिल बहुमत से पारित हो चुका है। अब राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हस्ताक्षर के बाद विधेयक कानून की शक्ल ले लेगा। प्रस्तावित कानून के खिलाफ कई मुस्लिम संगठनों में आक्रोश है। भाजपा शासित राज्य- गुजरात के अहमदाबाद और तृणमूल कांग्रेस शासित प्रदेश पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता समेत कई शहरों में प्रदर्शन होने की शुरुआत हो गई है। अहमदाबाद में सड़कों पर उतरे आक्रोशित प्रदर्शनकारियों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।




गौरतलब है कि लोकसभा से वक्फ संशोधन विधेयक, 2025 तीन अप्रैल को पारित हुआ। दो अप्रैल को चर्चा की शुरुआत के बाद लगभग 12 घंटे की चर्चा हुई। देर रात विधेयक और इसमें प्रस्तावित संशोधनों पर वोटिंग के बाद लोकसभा से यह विधेयक देर रात 1.56 बजे पारित हुआ। इसके समर्थन में 288 वोट पड़े, जबकि विपक्ष में 232 वोट डाले गए। अगले दिन यानी चार अप्रैल को राज्यसभा में विधेयक पारित हुआ। राज्यसभा में तीन अप्रैल को इस विधेयक पर चर्चा की शुरुआत हुई। देर रात 2.32 बजे राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने विधेयक पारित होने की घोषणा की। राज्यसभा में इस विधेयक को 128 सांसदों का समर्थन मिला, जबकि विरोध में 95 वोट डाले गए।

### वक्फ संशोधन विधेयक पर जदयू में नाराजगी, नीरज कुमार और राजीव रंजन ने किया खारिज

**पटना, एजेंसी।** संसद के दोनों सदनों से वक्फ संशोधन विधेयक पास होने के बाद जदयू के अंदर विरोध के स्वर उठने की बात सामने आई। पार्टी से जुड़े कई मुस्लिम नेताओं ने बिल का विरोध किया, जबकि कुछ नेताओं ने पार्टी से इस्तीफा भी दे दिया। इसको लेकर जदयू के मुख्य प्रवक्ता नीरज कुमार और राष्ट्रीय महासचिव राजीव रंजन का बयान सामने आया है। जदयू के मुख्य प्रवक्ता नीरज कुमार ने पार्टी में असंतोष की खबरों को सिरे से खारिज करते हुए इसे चंदू खाना का गप करार दिया।

## भारतीय स्टार्टअप स्वदेशी एआई बनाने पर दें ध्यान : अमिताभ कांत

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत के जी20 शेरपा और नीति आयोग के पूर्व सीईओ अमिताभ कांत ने शुक्रवार को कहा कि भारत को एआई जैसी अपनी खुद की एडवांस टेक्नोलॉजी बनाने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। इसके साथ ही देश को टेक्नोलॉजी से जुड़ी प्रगति को लेकर दूसरे देशों पर निर्भर रहने से भी बचना होगा। उन्होंने कहा कि भारत को अपनी तकनीकी स्वतंत्रता बनाए रखनी चाहिए और ऐसी तकनीकें बनानी चाहिए, जो देश की अनूठी संस्कृति और पहचान को दर्शाती हों।

अमिताभ कांत ने जोर देकर कहा कि भारत को पश्चिम या किसी अन्य देश का तकनीकी उपनिवेश नहीं बनना चाहिए। इसके बजाय, उसे ऐसे इनोवेशन पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए, जो क्विक, एनर्जी-एफिशिएंट और लागत-प्रभावी हों। 'स्टार्टअप महाकुंभ' कार्यक्रम के दूसरे एडिशन में कांत ने कहा, यह बहुत महत्वपूर्ण है कि भारत तकनीकी उन्नति में अपनी संप्रभुता बनाए रखे।

रोजगार और स्वरोजगार के बढ़ेंगे अवसर

# 1247 किमी बढ़ेगा रेलवे नेटवर्क, 15 जिलों को कवर करने वाली प्रोजक्ट को मंजूरी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने रेल मंत्रालय की 4 परियोजनाओं को मंजूरी दी है. रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को यह जानकारी दी. उन्होंने बताया कि रेल मंत्रालय ने जिन चार परियोजनाओं को मंजूरी दी है. उन प्रोजेक्ट्स कुल लागत 18,658 करोड़ रुपये है. रेल मंत्री ने कहा कि महाराष्ट्र, ओडिशा और छत्तीसगढ़ के 15 जिलों को कवर करने वाली इन परियोजनाओं से रेलवे के मौजूदा नेटवर्क में करीब 1247 किलोमीटर बढ़ोतरी होगी.



उन्होंने बताया कि इस विस्तार का उद्देश्य लाइन कैपेसिटी में बढ़ोतरी, गतिशीलता, एफिशिएंसी और सेवा विश्वसनीयता में सुधार करना है. रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा कि ये मल्टी-ट्रैकिंग प्रोजेक्ट ओपरेशन को आसान बनाएंगे, भीड़भाड़ को कम करेंगे और भारतीय रेलवे के कुछ सबसे बिजी सेक्शन पर बुनियादी ढांचे को मजबूत करेंगे. कैबिनेट ने जिन परियोजनाओं को मंजूरी दी है, उनमें संबलपुर - जरापदा (तीसरी और चौथी लाइन), झारसुगुड़ा - सासोन (तीसरी और चौथी लाइन), खरसिया - नया रायपुर - परमलकसा (5वीं और 6वीं लाइन) और गोंदिया - बल्हारशाह (दोहरीकरण) शामिल हैं. उन्होंने कहा कि ये परियोजनाएं रोजगार और स्वरोजगार के अवसरों को बढ़ाकर क्षेत्रीय विकास में योगदान देंगी और आत्मनिर्भर भारत को बढ़ावा देंगी. पीएम-गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के तहत विकसित ये परियोजनाएं मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी को बढ़ाने के लिए एकीकृत योजना पर केंद्रित हैं, जिससे लोगों, वस्तुओं और सेवाओं की सुगम आवाजाही सुनिश्चित होगी.

### राहुल गांधी की मांगः दलितों-आदिवासियों की योजनाओं के लिए बजट हिस्सेदारी तय करने का कानून बने



**नई दिल्ली, एजेंसी** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मांग की है कि ऐसा कानून बनना चाहिए, जो यह सुनिश्चित करे कि दलितों और आदिवासियों के लिए बनी सरकारी योजनाओं के लिए बजट में उचित हिस्सा मिले। उन्होंने दलितों और आदिवासियों को सत्ता में भागीदारी देने के लिए भी ठोस कदम उठाने की अपील की। राहुल गांधी ने बताया कि उन्होंने हाल ही में दलित और आदिवासी समुदायों से जुड़े शोधकर्ताओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। राहुल गांधी ने कहा कि प्रतिनिधिमंडल ने मांग की कि दलितों और आदिवासियों के लिए केंद्रीय बजट का एक निश्चित हिस्सा आवंटित करने के लिए कानून बनाया जाए। कर्नाटक और तेलंगाना में पहले से ही ऐसा कानून लागू है और वहां इन समुदायों को इसका लाभ मिला है।

## मशरक में अनियंत्रित ऑटो पलटनें से युवक घायल

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के चैनपुर रेलवे ओवरब्रिज के पास अनियंत्रित ऑटो पलटनें से युवक घायल हो गया। घायल युवक ने बताया कि वह गैराज में मिस्त्री का काम करता है। काम कर घर जानें के लिए महावीर चौंक से ऑटो पकड़ कर घर के लिए चला कि रास्ते में ऑटो चालक अनियंत्रित होकर पलट गया। जिसमें गंभीर रूप से घायल हो गए। ऑटो चालक ऑटो लेकर फरार हो गया। मौके पर ग्रामीणों के द्वारा इलाज के लिए सीएचसी मशरक में भर्ती कराया गया। घायल युवक की पहचान अरना पूरब टोला गांव निवासी कृष्ण मोहन भगत का 18 वर्षीय पुत्र सूरज कुमार के रूप में हुई।

## मकान में छत का सेंटरिग ठोकते राजमिस्त्री की छत से गिरने से मौत

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक नगर पंचायत क्षेत्र के पूरब टोला गांव में मकान निर्माण कार्य में छत ढलाई के लिए सेंटरिग ठोकते राज मिस्त्री की छत से गिरने से मौत हो जाने का मामला सामने आया। मृतक राजमिस्त्री की पहचान मशरक के मुन्नी मोड़ निवासी रविंद्र साह उम्र 50 पिता भोला साह के रूप में हुई। घटना के बारे में जानकारी मिली कि पूरब टोला गांव में मकान निर्माण कार्य के दौरान दूसरे तल्ले की ढलाई के लिए सेंटरिग ठोका जा रहा था कि उसी दौरान राजमिस्त्री छत से नीचे गिर पड़ा जिसे इलाज के लिए सीएचसी मशरक में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सक ने सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया जहां रास्ते में ही मौत हो गई। मृतक बेहद ही गरीब हैं और परिवार का एकमात्र कमाऊ सदस्य हैं। मौत के बाद शव घर पर आते ही परिजनों में मातम छा गया।

## लोक आस्था के चार दिवसीय छठ महापर्व उदयमान सूर्य को अर्ध्य अर्पित कर हुआ संपन्न

### वर्तधारियों ने घर में सुख शांति, समृद्धि,निर्मल काया के लिए भास्कर से की आराधना



**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** प्रकृति के सानिध्य में जब निर्मल हृदय से प्रकृति की आराधना व उपासना होती है तब वहां एक अद्भुत और अलौकिक समां बंध जाता है। अहले सुबह सूर्य उपासना के महापर्व चैती छठ के अवसर पर व्रतधारियों द्वारा हर कदम पर शुद्धता एवं पवित्रता की पूरी तरह पालन करते हुए उदीयमान भगवान भास्कर को शुक्रवार को अर्घ्य अर्पण किया। हरिहर क्षेत्र के पावन भूमि पर दक्षिण वाहिनी गंगा नदी पहलेजा घाट व नारायणी सहित अन्य नदियों व कृतिम तलाबों में कल-कल छल छल करती धाराओ के समक्ष जब चल रहे इस अनुष्ठान से चारों तरफ आध्यात्मिक वातावरण बना रहा। जहाँ छठी माइया के भक्ति गीत गाकर महिलाएं उस माहौल को पूरी तरह भक्तिमय बना दी। बिहार के प्रसिद्ध लोक आस्था के महापर्व चार दिवसीय कठिन चैती छठ व्रत में व्रतधारी ने उदयमान सूर्य को अर्ध्य देकर घर व आसपास के देवालयों में पुजन कर 36 घंटे के निर्जला उपवास को मीठा,अदरक, पुजन समाग्री के फल खाकर व्रत को समापन करते हुए सूर्य देवता एवं उनकी बहन छठी माता से अपने परिवार के लिए निरोगी काया, अन्न-धन व सुख-समृद्धि आदि की कामना की। इस प्रकार से चार दिवसीय लोक आस्था का पर्व चैती छठ का समापन हो गया। इस व्रत के शांति पूर्ण तरिके से समापन करने के लिए प्रशासन चाक चौबद व्यवस्था के साथ डटे रहे। यह पर्व बिहार की सबसे महत्वपूर्ण पर्व है। इस व्रत की प्रभाव को देखते हुए अन्य राज्यों में भी लोग छठ व्रत करते हैं। यह छठ व्रत साल में दो बार होती है. पहला चैती छठ दूसरा कार्तिक माह में यह चार दिवसीय छठ पर्व बहुत ही कठिन पर्व होती हैं।

## जन सुराज पार्टी की ओर से 'बिहार बदलाव रैली' की तैयारी को लेकर सोनपुर में हुई बैठक

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** जन सुराज पार्टी द्वारा आगामी 11 अप्रैल 2025 को पटना के गांधी मैदान में आयोजित होने वाली बिहार बदलाव रैली की तैयारियों को लेकर सोनपुर अनुमंडल के दिघवारा पार्टी कार्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक शुक्रवार को आयोजित की गई। बैठक में प्रखंड अध्यक्ष, प्रखंड कार्यसमिति, पंचायत संयोजक एवं पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। बैठक में पार्टी पदाधिकारियों ने रैली की सफलता हेतु रणनीति तैयार की और संगठन को मजबूत करने पर चर्चा की। सारण जिला अभियान की संयोजक जनार्दन सिंह चौहान ने प्रेसवार्ता कर रैली की तैयारियों को लेकर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रखंड के प्रत्येक पंचायत से कम से कम 100 लोग इस रैली में भाग लेंगे। लाखों की भीड़ इस ऐतिहासिक रैली में शामिल होगी, और हमारा प्रयास रहेगा कि सोनपुर अनुमंडल क्षेत्र से अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित हो। उन्होंने कहा कि यह *बिहार बदलाव रैली* उन सभी लोगों के लिए है, जो बिहार में बदलाव चाहते हैं। यह रैली उन विद्यार्थियों के लिए है जो शिक्षा के लिए पलायन करने को मजबूर हैं, उन युवाओं के लिए जो रोजगार की तलाश में बिहार से बाहर जा रहे हैं, और उन नागरिकों के लिए जिन्हें राज्य में बेहतर स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार सेवाएँ उपलब्ध नहीं हो पा रही हैं। यह रैली उन सभी प्रताड़ित लोगों की आवाज को बुलंद करेगी जो बिहार में एक नए बदलाव की उम्मीद रखते हैं। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने पूरी प्रतिबद्धता के साथ बिहार बदलाव रैली को ऐतिहासिक बनाने का संकल्प लिया। बैठक में जन सुराज पार्टी के पूर्व सभापति अशोक सिंह जिला महिला अध्यक्ष अमिता साहनी,अनुमंडल संयोजक सौरभ, दिघवारा प्रखंड महिला अध्यक्ष मैमून निशा,मीडिया प्रभारी नीरज कुमार,महताब आलम सहित दर्जनों लोग मौजूद थे.

# चैत नवरात्र में आज सजेगा डुमरी बुजुर्ग में मां कालरात्रि के दरबार,दर्शन पूजन के लिए पहुंचेगे श्रद्धालु

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** 30 अप्रैल से शुरू हुई नवरात्र में देवी स्थान हो या घर हो, मठ मंदिरों में मां की पूजा में भक्तगण मां को प्रसन्न करने के लिए शंख,घंटी, ढ़ोल,नगाड़ा, वैदिक मंत्र पूजन कर भक्ति गीत गाकर मां को प्रसन्न करने में श्रद्धालुगण लगे हुए हैं। भक्तिमय से पूरा क्षेत्र वातावरण गूंजवान उठ रहा है। नवरात्र में हर दिन मां की पूजा सुबह शाम में हो रही है। चैत्र नवरात्रि में माता की 9 दिन उपासना करने वाले भक्तों पर माता अपनी कृपा सदैव भक्तों पर बरसती है। माता की आराधना करने से सुख शांति समृद्धि मिलती है। सोनपुर प्रखंड क्षेत्र के डुमरी बुजुर्ग गांव में नदी के तट पर लंबे अरसे से सप्तम रूप मां कालरात्रि की प्रतिमा मंदिर में विराजमान है। मंदिर के गर्भ गृह मे विशाल पिंडी पर दया मई संगमरमर की प्रतिमा स्थापित है। वेद पुराण में इन्हें विकराल रूप से जाना जाता है लेकिन गांव के पूर्वज राजस्थान से सफेद संगमरमर की प्रतिमा स्थापित कर अपने वंशज को विरासत के रूप में सौप दिए इस परंपरा को आज भी गांव की जनता भक्ति भाव के साथ निभा रही है। मां कालरात्रि मंदिर सेवा समिति के सदस्य ने कहा कि चैत्र नवरात्र मे सप्तमी अष्टमी एवं महानवमी अर्थात रामनवमी तिथि को माता की पिंडी मंदिर की सजावट की जाएगी और संध्या बेला महा आरती से पूर्व फूल माला से श्रृंगार



के उपरांत भक्तों के दर्शनार्थ मंदिर का पट खुलेगा। उन्होंने कहा कि 5 अप्रैल को 24 घंटे का अष्टयाम यज्ञ भी मंदिर समिति की ओर से प्रारंभ होगी। मंदिर की विशेषता है कि गांव के अलावा आस पड़ोस दर्जन भर से अधिक गांव के लोग शुभ कार्य से पूर्व माता के दरबार में पहुंचकर पहले पूजा करने के बाद भी घर में पूजन पाठ प्रारंभ करते हैं। शारदीय नवरात्र में 10 दिन तक यहां का दृशय मनोरम सा हो जाता है भादो महीना में अमावस्या तिथि के दिन वार्षिक पूजा की परंपरा सदियों से चली आ रही है। माँ कालरात्रि मंदिर के पुजारी ब्रजेश मिश्रा, सोना बाबा ने बताया कि माँ कालरात्रि वासंतिक नवरात्र की सप्तमी तिथि में जगदंबा मां दुर्गा के सप्तम स्वरूप देवी कालरात्रि का दर्शन-पूजन किया जाता है। देवी दुर्गा अपने भक्तों की रक्षा के लिए भयानक कालरात्रि रूप में प्रकट हुईं। घने अंधकार की तरह गहरे काले रंग वाली, तीन नेत्रों वाली व बिखरे बालों वाली मां कालरात्रि की सांसों से अग्नि की लपटें निकलती हैं। मां का यह रूप ज्ञान और वैराग्य प्रदान करता है। इनके तीनों नेत्र ब्रह्मांड की भांति गोल हैं। इनके गले में विद्युत की छटा देने वाली श्वेत माला सुशोभित होती है। इनके चार हाथ हैं। मां कालरात्रि का स्वरूप भयानक है, लेकिन वे भक्तों को शुभ फल ही देती हैं। इनका वाहन गर्दभ है। मां कालरात्रि के चार हाथों में एक हाथ अभय मुद्रा में तथा दूसरा वर मुद्रा में रहता है। तीसरे हाथ में खड्ग है, जबकि चौथे हाथ में कटार रहती है। मां का ऊपरी तन लाल रक्तिम वस्त्र से तथा नीचे का भाग बाघ चर्म से ढका रहता है। मां कालरात्रि नकारात्मक और राक्षसी प्रवृत्तियों का विनाश करके भक्तों को दानव, दैत्य, राक्षस, भूत-प्रेत आदि से अभय प्रदान करती हैं। नवरात्र की सप्तमी को मां कालरात्रि को गुड़ का नैवेद्य अर्पित करने से शोकमुक्त रहने का वरदान प्राप्त होता है और भक्तों के पास दरिद्रता नहीं आती। उनके हर तरह के दुख दूर होते हैं। बीज मंत्रः क्लीं ऐं श्रीं कालिकायै नमः ।

## नवरात्रि : दक्षिणेश्वरी काली मंदिर में बड़ी संख्या में पहुंचते है तंत्र मंत्र साधक

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** चैत महीने में आदि शक्ति की पूजा होती है। ऐसा कहा जाता है की चैत की नवरात्रि में माता की नौ दिनो तक पुजन व उपासना करने वाले भक्तों पर माता अहम कृपा बरसाती। 30 अप्रैल से शुरू हुई नवरात्र में घर, देवाल्यो में भक्त गण माँ दुर्गा के शन्ति पूर्वक पुजन करने और आस्था में विश्वास रखकर श्रद्धालु ने पंडितो द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ कलश स्थापित किये गए है।हर बार की तरह इस वर्ष चैत्र नवरात्र के पावन अवसर पर सोनपुर के नरायणी नदी तट पर अवस्थित प्रसिद्ध दक्षिणेश्वरी काली मंदिर श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र बना हुआ है। मां काली की भव्य प्रतिमा के दर्शन के लिए नवरात्र में भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना और अनुष्ठान हो रहे है। नारायणी नदी के तट पर स्थित ऐतिहासिक मंदिर तांत्रिक साधना के लिए भी जाना जाता है। मान्यता है कि यहां सच्चे मन से की गई प्रार्थना करने पर माँ अपने भक्तो को मन की मुरादें जरूर पूरी करती है । गंगा और गंडक के संगम पर स्थित यह स्थल धार्मिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है। नारायणी नदी की शांत लहरों के बीच स्थित यह मंदिर श्रद्धालुओं को आंतरिक शांति देता है। दुर्गा पूजा और गंगा स्नान के अवसर पर यहां भारी भीड़ उमड़ती है। मंदिर परिसर में नवरात्र में कलश स्थापन, हवन और अन्य धार्मिक अनुष्ठान मे स्थानीय श्रद्धालु बढ़-चढ़कर भाग लेते हैं। मंदिर की देखरेख और पूजा-अर्चना का खर्च भी सामुदायिक सहयोग से पूरा होता है। मंदिर के उपासक तारकेश्वर बाबा ने बताया कि मां काली का दरबार सभी श्रद्धालुओं के लिए सदा खुला है। दूर-दराज से आने वाले भक्त मां के चरणों में शिश नवाकर मनोकामना पूरी होने की प्रार्थना करते हैं। देशभर के श्रद्धालुओं की आस्था इस मंदिर से जुड़ी है। वही समाजसेवी लालबाबू पटेल नर बताया कि यह मंदिर तंत्र-मंत्र की साधना का प्रमुख केंद्र रहा है।नवरात्रि पर मंदिर परिसर पुरे दिन भक्तों से भरा रहता है। स्थानीय लोगों के साथ बहुत दूर दूर से लोग यहां पहुंचते है और माता की पूजन कर उनकी अलौकिक आभा से प्रभावित होते है। वर्षो से माता का यह स्थान तंत्र मंत्र की शक्तियों के केंद्र के रूप में भी जाना जाता है। लोग कहते है कि चैत नवरात्र में तांत्रिक शक्तियों को सिद्ध करने वालो का यहां जुटान होता है। मंदिर की प्रसिद्धि और माता से प्राप्त आशीर्वाद की दूर दूर तक चर्चा होती है। इसको सुनकर यहां आने वाले भक्तों की संख्या हर वर्ष बढ़ ही जाती है। श्रद्धालु मंदिर परिसर में पहुँचने पर अपने आपको असीम शांति अनुभूति करते है। लालबाबू पटेल ने बताया कि कार्तिक पूर्णिमा, नव रात्र, दशहरा, अमावस्या, सूर्य व चंद्र ग्रहण पर हाजीपुर और सोनपुर के गंडक तटवर्ती क्षेत्रों में तांत्रिक भक्तों की सक्रियता बढ़ जाती है। दशहरे व नवरात्र के समय साधक यहां आकर साधना करते हैं। सिद्धि प्राप्त कर मां काली की अर्चना के बाद लौट जाते हैं।पौराणिक मान्यता के अनुसार, इसी स्थल पर भगवान विष्णु ने गजग्राह युद्ध के दौरान गजराज की रक्षा के लिए अवतार लिया था। मंदिर के पश्चिम में गरुड़ पर सवार भगवान विष्णु की प्राचीन प्रतिमा स्थापित है, जो इस कथा को प्रमाणित करती है। बिहार के प्रशिद्ध बाबा हरिहर नाथ मंदिर, गौड़ी शंकर मंदिर, सूर्यदेव, शनिदेव मंदिर, नौलखा मंदिर, कष्टहरिया घाट सहित अन्य धार्मिक स्थल होने के अलवा विश्व प्रशिद्ध सोनपुर मेला लगता है। यह भूमि हरि हर के भूमि है।

## मशरक में अलग-अलग जगहों पर आग ने मचाई तबाही, संपति जली

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के अलग-अलग गांवों में आग लगने की घटनाओं ने जबरदस्त क्षति पहुंचाई है। चांद कुदरिया पंचायत के सुंदर गांव में आग लगनें से दो फूसनुमा पलानी नुमा मकान जलकर राख हो गया। आग बुझाने के दौरान बगल के एक शख्स गंभीर रूप से झुलस गया। घटना की सूचना मिलने पर पूर्व उप प्रमुख साहेब हुसैन उर्फ टुनटुन और पूर्व मुखिया मुन्ना मांझी ने आर्थिक सहायता की और सरकारी मुवाअजा दिलवाने का भरोसा दिलाया। पूर्व उप प्रमुख साहेब हुसैन उर्फ टुनटुन ने बताया कि अग्नि कांड पीड़ित सुनहरी देवी पति स्व शंकर मांझी और सोना देवी पति दुलारचंद मांझी हैं। पीड़ित परिवार ने बताया कि परिवार के सभी सदस्य सोए हुए थे कि अचानक आग की लपटे उठने लगी, लोगों के चिल्लाने पर आस पास के लोग पहुंचे उसी दौरान घर मे रखें गैस सिलेंडर को निकालने के दौरान गैस सिलेंडर फटने से अयूब मियां का 40 वर्षीय पुत्र कौशर आलम गंभीर रूप से झुलस गया जिसे इलाज के लिए सीएचसी मशरक में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सक ने सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया। वहीं आग के विकराल रूप को देखकर मशरक और पानापुर की फायर ब्रिगेड टीम ने पहुंच आग पर काबू पाया। आग से खाने का सामान, चौकी, बिछावन, कपड़ा समेत सभी सामान जलकर राख हो गया। दूसरे नगर पंचायत क्षेत्र के तख्त टोला गांव में गेहूं की फसल में आग लग गई। आग कैसे लगी यह पता नहीं चल पाया। मौके पर दीपक कुमार सोनी ने बताया कि तख्त टोला गांव निवासी राकेश राम की गेहूं की फसल में आग लग गई जिससे 10 कट्ठा की गेहूं फसल जलकर राख हो गया। ग्रामीणों की सूचना मिलने पर पहुंची फायर ब्रिगेड टीम ने आग पर काबू पाया गया मौके पर ग्रामीणों ने बताया कि आग पर समय रहते काबू पा लिया गया अन्यथा बड़ी क्षति होती। तीसरे मामले में अरना पंचायत के छपिया गांव के मुख्य सड़क पर किराने की दुकान में आग लगनें से नगदी समेत लाखों रूपए की किराना दुकान का सामान समेत दुकान जलकर राख हो गया। अग्निकांड पीड़ित कृष्ण प्रसाद श्रीवास्तव ने बताया कि आग लगनें से बीस हजार नगदी समेत किराना दुकान समेत उसमें रखा ढाई लाख रूपए का सामान जलकर राख हो गया। आग कैसे लगी यह पता नहीं चल पाया पर उन्होंने आग लगनें की घटना को अज्ञात लोगों के द्वारा क्षति पहुचाना बताया गया। घटना 2 अप्रैल की मध्य रात्रि की बताई गई। मामले में अंचल कार्यालय में आवेदन दिया गया।

# रामनवमी में शांति व्यवस्था बनाए रखने को एसपी ग्रामीण के नेतृत्व में फ्लैग मार्च

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** रामनवमी पर्व पर आयोजित होने वाली जुलूस के दौरान इलाके में शांति और विधि व्यवस्था बनाए रखने के ख्याल से एसपी ग्रामीण के नेतृत्व में मशरक थाना क्षेत्र के सभी संवेदनशील जगहों पर फ्लैग मार्च निकाला गया। सारण एसपी ग्रामीण शिखर चौधरी के नेतृत्व में पुलिस ने थाना क्षेत्र के बाजार के अलावा सभी संवेदनशील गांवों में शुक्रवार को फ्लैग मार्च किया। इस दौरान अधिकारियों ने ग्रामीणों से आपसी प्रेम और भाईचारे के साथ मिलजुल कर रामनवमी पर्व मनाने तथा शांतिपूर्ण माहौल में रामनवमी जुलूस निकालने की अपील की। साथ ही पुलिस ने फ्लैग मार्च से असमाजिक तत्वों को कड़ा संदेश भी दिया, कि जुलूस के दौरान किसी तरह की गड़बड़ी होने पर उन्हें बख्शा नहीं जाएगा। मौके पर डीएसपी अमरनाथ, इंस्पेक्टर अशोक



कुमार सिंह, सीओ सुमंत कुमार, बीडीओ पंकज कुमार, थानाध्यक्ष रणधीर कुमार समेत भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहें। एसपी ग्रामीण ने बताया कि असामाजिक तत्वों की पहचान कर निरोधात्मक कारवाई पहले ही की जा चुकी है। साथ ही, पुलिस का संवेदनशील जगहों पर विशेष नजर है, ताकि जुलूस को शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न कराया जा सके। डीएसपी अमरनाथ ने आम लोगों से भी अपील की गई है कि वह रामनवमी त्योहार के दौरान किसी भी तरह की हुड़दंग नहीं मचाए। सोशल मीडिया पर 24 घंटे पैनी निगाह रखी जा रही है। डीजे बजाने पर पूर्ण रूप से पाबंदी है, और अश्लील गाना बजाने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि बिना लाइसेंस के अखाड़ा का जुलूस नहीं निकाल सकेंगे। जुलूस निकालने के लिए लाइसेंस लेना अनिवार्य किया गया है, और इस मामले को लेकर कई तरह के दिशा निर्देश भी दिए गए हैं।

## मशरक में तेज रफ्तार बाइक की चपेट में आने से वृद्ध महिला घायल, रेफर

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के मुन्नी मोड़ के पास अनियंत्रित बाइक सवार की चपेट में आने से वृद्ध महिला गंभीर रूप से घायल हो गयी। बाइक सवार भी घायल हो गया। घायल मशरक के मुन्नी मोड़ निवासी गोपाल राउत की 65 वर्षीय पत्नी कलावती देवी के रूप में हुई। घायल वृद्ध महिला का ड्यूटी पर तैनात प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ संजय कुमार ने प्राथमिक उपचार किया। घायल के परिजनों ने बताया कि वृद्ध महिला सड़क पार कर रहीं थी उसी दौरान तेज रफ्तार बाइक सवार से टक्कर हो गई। घायल वृद्ध महिला को सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया गया।?

# बच्चों को भी सत्संग में शामिल कीजिए, वे सही दिशा का ज्ञान प्राप्त करेंगे :अखिलेश मणि शांडिल्य

**दैनिक खोज खबर/जलालपुर।** प्रखंड के जलालपुर बाजार पर चल रहे 30वे श्री राम जन्मोत्सव सत्संग समारोह मे गुरुवार की देर संध्या प्रवचन करते हुए देवरिया से पधारे अखिलेश मणि शांडिल्य ने कहा कि सत्संग समारोह में अपने बच्चों को भी शामिल कीजिए ताकि बच्चे सही दिशा का ज्ञान प्राप्त कर सकें। उन्हे सही गलत का ज्ञान हो सके। उन्होने रामायण में वर्णित बच्चों पर दृष्टांत दिया कि माता-पिता और गुरु की सेवा करनी चाहिए माता-पिता से कोई बड़ा नहीं है। मां का सुख भी पुत्र का पुत्रों के सुख आनंद से बड़ा कोई सुख नहीं है।उन्होंने कहा कि कौशल्या के राम को जन्म देने




के बाद जो सुख गोद में लिए मां को प्राप्त हुआ,वह आनंद संसार में कोई संपदा या व्यक्ति नहीं दे सकता। उन्होंने दृष्टांत में कहा कि मां पिता का रास्ता गलत हो तो पुत्र को बात नहीं माननी चाहिए।भरत ने मां के निर्देश देने के बावजूद अयोध्या की गद्दी पर नहीं बैठे। प्रहलाद ने पिता का संदेश नहीं माना था।भगवान को भक्त की रजा से पत्थर में पैदा होना पडा।कार्यक्रम में मंच संचालन पूर्व एच एम रामकुमार सिंह ने किया वही संगीतमय प्रवचन में सहयोग पंडित राम जानकी महाविद्यालय के प्राचार्य विनोद मिश्रा और उनकी टीम कर रही है। प्रवचन कार्यक्रम के बारे मे विशेष जानकारी देते हुए आयोजन समिति के सदस्य प्रशांत तिवारी ने कहा कि राम जन्मोत्सव सत्संग समारोह 6अप्रैल तक आयोजित है।इसमे पंडित अनिल शास्त्री,प्रिया प्रियदर्शनी, हेमंत तिवारी, संत दामोदर दास जी महाराज मोदी, सुधी श्रोताओं के बीच प्रवचन दे रहे हैं।प्रवचन कार्यक्रम में प्रतिदिन देर संध्या तक श्रद्धालु भक्तों का सैलाब उमड रहा है। पुरा जलालपुर क्षेत्र राम में बन गया है।

## सोनपुर रेल मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर टिकट जांच में बिना वैध टिकट के 875 यात्री धराये

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर रेल मंडल ने अनधिकृत यात्रा पर अंकुश लगाने के लिए मंडल के प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर बड़े पैमाने पर टिकट जांच बस छापेमारी अभियान चलाया गया । जिसमे मुजफ्फरपुर-हाजीपुर रेल खंड, खगड़िया-नौगछिया रेल खंड और हाजीपुर --पटोरी बरौनी रेल खंड को कवर करते हुए कई स्थानों पर टिकट जांच किया गया। जिसमे 45 महिला सहित कुल 875 बेटिकट यात्रियों को पकड़ा गया। पकड़े गए बेटिकट यात्री को रेलवे मजिस्ट्रेट के पास प्रस्तुत कर पकड़े गए लोगो से कुल 6.47 लाख रुपये का जुर्माना वसूला गया। यह अभियान चलाने का मुख्य उद्देश्य टिकट लेकर यात्रा करने वाले यात्रियों को परेशानी से बचने और राजस्व की क्षति पूर्ति के लिए अनाधिकृत यात्रा या बिना बुक किये गए समान लेकर यात्रा करने पर अंकुश लगाना।रेल विभाग यात्रियों से असुविधा और जुर्माने से बचने के लिए वैध टिकट के साथ यात्रा करने का पुरजोर आग्रह करते हुए कहा कि बिना टिकट यात्रा करने से न केवल रेल के वित्तीय नुकसान होता है, बल्कि रेलवे सेवाओं के कुशल संचालन में भी बाधा आती है। रेलवे निष्पक्ष यात्रा प्रथाओं को सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है और अनुशासित और वैध रेलवे वातावरण बनाए रखने के लिए जनता का सहयोग चाहता है।

## एक आरोपी को सोनपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

**सोनपुर।** 2 वर्ष पूर्व नाबालिग बच्ची को भगाने के मामले में एक आरोपी को सोनपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस बात की जानकारी देते हुए सोनपुर थाना अध्यक्ष राजनंदन ने बताया कि अप्रैल 2022 में सबलपुर चाई टोला के हरेंद्र महतो का पुत्र कुंदन कुमार के खिलाफ नाबालिक बच्ची को भगाने के लेकर बच्ची के परिजनों ने प्राथमिक की दर्ज कराई थी जहाँ पुलिस ने छपामारी कर बच्ची को पकड़ कर न्यायलय को समक्ष प्रस्तुत कर पुलिस ने बच्ची के परिजनों को पुनः सुपुर्त कर दिया वही पुलिस ने छापेमारी कर कुंदन कुमार को गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेज दिया है।

## सहवां गांव में लाठी-डंडे से पीट-पीट कर वृद्ध की हत्या, छह पर नामजद प्राथमिकी

**इसुआपुर (सारण)।** सहवां गांव में गुरुवार शाम लाठी-डंडे से पीट-पीटकर 65 वर्षीय बीरेंद्र पांडेय की हत्या कर दी गई। उनके भतीजे उदय पांडे ने इसुआपुर थाने में योगेंद्र साह, सुरेंद्र साह, शैलेश साह, अरुण साह, महावीर साह और कलावती देवी को नामजद करते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है। घटना के पीछे जमीन विवाद को कारण बताया गया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए छपरा भेज दिया और कार्रवाई शुरू कर दी है।

## रामनवमी जुलूस को लेकर पुलिस ने फ्लैग मार्च किया

**दैनिक खोज खबर/मकेर(सारण)।** रामनवमी जुलूस को लेकर मकेर पुलिस प्रशासन ने फ्लैग मार्च किया, जिसका नेतृत्व अपर थाना अध्यक्ष अखिलेश कुमार ने किया ।मालूम हो कि सुरक्षा व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त करने हेतु ,एवम एतिहात बरतते हुए फ्लैग मार्च किया गया है जो थाना परिसर से निकलते हुए महाबीर चौक तक फ्लैग मार्च किया ।विदित हो कि हजारो की संख्या में रामभक्त जुलूस निकालकर जिसमे महिलाएं ,पुरुष ,युवकों की भागीदारी अत्यधिक रहती है जिसको नियंत्रित करने के लिए प्रशासन मुस्तैद हैं ।अपर थाना अध्यक्ष के साथ एसआई रामनिवास कुमार ,डौली कुमारी , एसआई विनय कुमार एवम धीरेन्द्र सिंह, प्रवीण कुमार सहित अन्य पुलिस के जवान थे।

## गेंहू की लगी फसल में आग लगने से जलकर खाक

**मकेर(सारण)।** थाना क्षेत्र के डीही ग्राम निवासी मुनरी देवी की एक बिगहा में लगी गेंहू की फसल जलकर राख हो गई है, इसकी जानकारी मकेर सीओ को दी गई है । आग लगने की जानकारी प्राप्त होते ही ग्रामीण इकठ्ठा होकर आग पर काबू पाया गया साथ ही अग्निशमन भी पहुँच कर भी बुझाने का काम किया है ।अब मुनरी देवी जलते हुए फसल को देख कर फफक फफक कर रोने लगी ।साथ ही मुवाबजे कि मांग की है ताकि उनकी भरण पोषण हो सके ।

## मंदिर के स्टोर रूम का ताला तोड़कर हजारों रुपए के सामान की चोरी

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा ।** शिल्हौड़ी के प्रसिद्ध शिव मंदिर में बीती रात अज्ञात चोरों ने मंदिर के स्टोर रूम का ताला तोड़कर हजारों रुपए के सामान की चोरी कर ली। मिली जानकारी के अनुसार छठ पर्व को लेकर शिल्हौड़ी पोखर छठ घाट पर बीती रात चईता का आयोजन किया गया था। चईता को देखने सुनने काफी संख्या में ग्रामीण छठ घाट पर उपस्थित थे। इसी दौरान मौके का फायदा उठाते हुए चोरों ने मंदिर के स्टोर का ताला तोड़ कर स्टोर में रखे मोटर पंप और बिजली पंखों की चोरी कर ली। मंदिर के प्रधान पुजारी धर्मेन्द्र उपाध्याय ने बताया कि चोरी की घटना की सूचना स्थानीय थाने को दी गई है ।

## आपसी विवाद में एक युवक को मारपीट कर जख्मी किया

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा(सारण)।** थाना क्षेत्र के नौतन बहेरा गाछी के पास आपसी विवाद में एक युवक को मारपीट कर जख्मी कर दिया। घटना में जख्मी अमनौर हरनारायण निवासी किशन कुमार सिंह ने एक प्राथमिकी दर्ज कराई है। प्राथमिकी में कहा है कि वह बीते दिनों अपनी बहन के घर मनी सिरसियां अमनौर से वापस लौट रहा था। वह नौतन सरकारी स्कूल बहेरा गाछी के पास पहुंचा था। तभी सरेया बसंत,तरैया निवासी मुन्ना सिंह चार-पांच लोगों के साथ उसकी बुलेट बाइक को रोक दिए? सभी ने उसे गाली देने लगे और फैट, मुक्का, लाठी, डंडा, रड से मारपीट शुरू कर दी। इसमें उसे काफी चोट लगी और उसका सिर, आंख जख्मी हो गया। इस दौरान आरोपी ने उसके पैकेट से 40 हजार रुपया, सोना का चेन छीन लिए। हल्ला करने पर आसपास के लोग जमा हुए तो आरोपी उसे धमकी देते हुए भाग निकले।

## बिना चलान के बालू लोडेड ट्रैक्टर पकड़ा,चालक गिरफ्तार

**दैनिक खोज खबर/परसा (सारण)।** परसा पुलिस ने बभनगांवा पटेलचौक समीप से बिना चलान के बालू लोडेड ट्रैक्टर को बरामद कर लिया है । थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि बिना चलान के बालू लोडेड ट्रैक्टर को पकड़े जाने के बाद ट्रैक्टर चालक को भी गिरफ्तार किया गया है । गिरफ्तार चालक डोरीगंज थाना क्षेत्र के डोरीगंज निवासी सुदामा राय का पुत्र सूरज कुमार बताया गया है।थानाध्यक्ष ने बताया कि बरामद किए गए बालू लोडेड ट्रैक्टर मामले में ट्रैक्टर मालिक व चालक पर प्राथमिकी दर्ज कर अग्रेत्तर करवाई की जा रही है।

## विद्युत चोरी को लेकर प्राथमिकी दर्ज

**दैनिक खोज खबर/परसा (सारण )।** विद्युत कनीय अभियंता हरिशंकर पासवान ने विद्युत चोरी करते एक को पकड़ा व आर्थिक जुर्माना लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है। थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि टोका फसाकर विद्युत चोरी करने के मामले में पचलख चैनपुर निवासी विगन साह पर 12102 रुपए का आर्थिक दंड लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

## शिक्षक पर जानलेवा हमला, बाल- बाल बचे

**जीरादेई (सिवान) ।** प्रखंड के बढ़ेया स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय के सहायक शिक्षक अमित कुमार पर स्थानीय मैनेजर यादव द्वारा विद्यालय परिसर में घुसकर जानलेवा हमला कर दिया गया। इसके बाद अमित कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। जैसे ही इसकी सूचना अन्य शिक्षकों को हुई, वे सभी दौड़ कर आए और बीच बचाव करने लगे। इस दौरान मैनेजर यादव द्वारा उन शिक्षकों पर भी हमला कर दिया गया। शिक्षक अपने आप को बचाने का प्रयास करते तब तक मैनेजर यादव ने कार्यालय में घुसकर आवश्यक कागजात को फाड़ दिया। साथ ही शिक्षकों को धमकी भी दी कि अगर तुमलोग मुकदमा करोगे तो तुम सबको जान से मार दूंगा। इसके बाद सभी शिक्षकों में भय का माहौल कायम है। वहीं सहायक शिक्षक अमित कुमार ने बताया कि मैनेजर यादव हमेशा शिक्षकों पर हमला करता रहता है। इससे पहले भी विद्यालय के सहायक शिक्षिका तरन्नुम बानो पर भी जानलेवा हमला किया था, जिसको लेकर 26 नवंबर को स्थानीय थाना में आवेदन दिया गया था। उन्होंने वरीय पदाधिकारी से कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में थानाध्यक्ष सोनी कुमारी ने बताया कि शिक्षकों द्वारा फोन से सूचना दी गई है, पुलिस तत्परता दिखाते हुए घटना स्थल पर पहुंची, लेकिन मैनेजर यादव भागने में सफल रहा। पीड़ित शिक्षक के आवेदन पर जल्द ही आरोपित को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# बसंत महोत्सव में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, तीन दिन होगें सांस्कृतिक कार्यक्रम



**दैनिक खोज खबर/भेल्दी(सारण)।** चैत्र नवरात्र के पावन मौके पर बसंत खेल मैदान में बसंत महोत्सव सह नव दुर्गा पूजन समारोह में श्रद्धालु भक्तों की भारी भीड़ उमड़ रही है।इस धार्मिक आयोजन में प्रतिदिन हजारों की संख्या में दूरदराज के श्रद्धालु जुटकर मां दुर्गा की अराधना कर रहे थे।इस महोत्सव में मां दुर्गा के नौ रूपों की मूर्तियों के साथ-साथ भगवान गणेश की मूर्ति भी श्रद्धालुओं के बीच आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं।आचार्यों के वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ-साथ या देवी सर्व भूतेषू शक्ति रूपेण संस्थिता मंत्र की गूंज से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।14 वें वार्षिक आयोजन में प्रत्येक साल की भांति इस साल भी रात्रि में रामलीला का आयोजन किया गया है।समिति के अध्यक्ष कुशेश्वर सिंह,सचिव श्रीराम राय,आयोजक मंटू सिंह,संजय सिंह,विनोद साह,जितेन्द्र पाण्डेय,टिंकू उपाध्याय व विक्की बाबा ने बताया कि 6 अप्रैल को गायक नागेंद्र उजाला,चंदा शर्मा,नरमुण्डा स्वामी,7 अप्रैल को खेसाली-2,पुनीता राय,नंदनी यादव, व 8 अप्रैल को नीलम सागर,प्रीति राय,सोना सिंह,खुशी स्वेता तिवारी,आर्यन बाबू,अमित उपाध्याय,राजन सिंह का रंगारंग कार्यक्रम होगा।

## प्रधानाध्यापक सुनील कुमार राय निलंबित, तत्काल मुख्यालय में योगदान का आदेश

**दैनिक खोज खबर /दरियापुर (सारण)।** मध्य विद्यालय अरविंद नगर के प्रधानाध्यापक सुनील कुमार राय को जिला शिक्षा पदाधिकारी, सारण द्वारा निलंबित कर दिया गया है। 18 मार्च 2025 को जारी कार्यालय ज्ञापन संख्या 527 के अनुसार, उन्हें विभागीय अनुशासनात्मक कार्रवाई के तहत कर विभाग के अधीन किया गया है।प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, दरियापुर द्वारा प्राप्त सूचना के अनुसार, श्री राय अरविंद नगर के प्रधानाध्यापक होने के साथ-साथ मध्य विद्यालय ढोंगहां और उत्क्रमित मध्य विद्यालय यादुरामपुर में वित्तीय प्रभारी के रूप में भी कार्यरत थे। निलंबन का असर इन सभी विद्यालयों पर प्रभावी रहेगा।

श्री राय को निर्देश दिया गया है कि वे शीघ्र ही अपने निर्धारित मुख्यालय में योगदान करें तथा यह स्पष्ट करें कि निलंबन आदेश जारी होने के बावजूद उन्होंने अब तक योगदान क्यों नहीं किया। शिक्षा विभाग ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आगे की कार्रवाई की तैयारी शुरू कर दी है।

## नाबालिक लड़की के अपहरण की प्राथमिकी दर्ज

**दिघवारा।** थाना क्षेत्र के एक गांव से एक तेरह वर्षीय नाबालिक लड़की के अपहरण कर लिए जाने का मामला प्रकाश में आया है।इस सम्बंध में अपहृत लड़की के पिता ने स्थानीय थाने में प्राथमिकी दर्ज करवाई है जिसमे दस लोगो को नामजद किया है।दर्ज प्राथमिकी में उन्होंने बताया है कि उन्ही के गांव के कुछ लोग गलत नियत से मेरी तेरह वर्षीय बेटी बहला फुसला कर अपहरण कर लिया है,पूछताछ के लिए जब आरोपित के घर पहुंचा तो जान मारने की धमकी देने लगे।पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई है।

## 80 लीटर देसी शराब बरामद, दो तस्कर गिरफ्तार

**दैनिक खोज खबर/रसूलपुर (एकमा)।** ऑटो पर लदे बोरे में रखकर शराब ढुलाई कर रहे तस्करों के मनसूबे को आखिरकार पुलिस ने विफल कर दिया. गुरूवार को रसूलपुर थाना पुलिस ने रसूलपुर स्थित राजेंद्र चौक से दो शराब तस्करों को 80 लीटर देसी शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया. जबकि शराब ढुलाई में प्रयुक्त एक ऑटो को भी जब्त किया गया. बताया जाता है कि सारण जिले के अमनौर थाना क्षेत्र के अपहर निवासी राजु राय और नगर थाना क्षेत्र के बीचला तेलपा निवासी दिलीप कुमार बोरे में कर ऑटो पर लाद कर शराब ले जा रहे थे. बोरे में रखे देसी शराब को 5 लिटर पॉलिथीन में पैक कर लाया जा रहा था. इसकी भनक रसूलपुर पुलिस को लग गयी. पुलिस ने कार्रवाई करते हुए रसूलपुर स्थित राजेंद्र चौक पर ऑटो को रोका और तलाशी लेना प्रारंभ कर दिया. इस दौरान ऑटो पर लदे बोरे में छिपाकर रखी गयी भारी मात्रा में देसी शराब की खेप बरामद हुई. शराब छोटे-छोटे पॉलिथीन में पैक थी, जिसे सीवान जिलान्तर्गत दारौन्दा थाना क्षेत्र के बगौरा में खपाने को ले जाया जा रहा था. इसकी कुल मात्रा 80 लीटर बतायी जा रही है. वहीं पुलिस ने दोनों तस्करों राजु व दिलीप को गिरफ्तार कर लिया और ऑटो को भी जब्त कर लिया. इस संबंध में थानाध्यक्ष प्रभात कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर की गयी कार्रवाई में भारी मात्रा में देसी शराब के साथ दो शराब तस्कर को गिरफ्तार किया गया है।

## बाइक की चपेट में आने से वृद्ध महिला घायल, रेफर

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के मुन्नी मोड़ के पास अनियंत्रित बाइक सवार की चपेट में आने से वृद्ध महिला गंभीर रूप से घायल हो गयी और बाइक सवार भी घायल हो गया। घायल मशरक के मुन्नी मोड़ निवासी गोपाल राउत की 65 वर्षीय पत्नी कलावती देवी के रूप में हुई। घायल वृद्ध महिला का ड्यूटी पर तैनात प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ संजय कुमार ने प्राथमिक उपचार किया। घायल के परिजनों ने बताया कि वृद्ध महिला सड़क पार कर रहीं थी उसी दौरान तेज रफ्तार बाइक सवार से टक्कर हो गई। घायल वृद्ध महिला को सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया गया।

## पहाड़पुर में अखंड अष्टयाम के निकाली गई जलभरी यात्रा



**दैनिक खोज खबर/नगरा।** प्रखंड क्षेत्र के जगदीशपुर पंचायत अंतर्गत पहाड़पुर गांव में शुक्रवार को श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में अखंड अष्टयाम के जलभरी कार्यक्रम का आयोजन किया गया.इस धार्मिक अनुष्ठान में तकिया पंचायत के मुखिया सह भाजपा नेता एवं मढ़ौरा विधानसभा क्षेत्र से संभावित विधायक प्रत्याशी शैलेश कुमार यादव विशेष रूप से शामिल हुए.इस अवसर पर जगदीशपुर पंचायत के मुखिया अशोक साह, मोती राय, हरी राय, नागेंद्र राय, इंद्रजीत राय समेत अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे.आयोजन में बड़ी संख्या में ग्रामीणों और श्रद्धालुओं की भागीदारी रही,जिन्होंने भक्ति भाव से कार्यक्रम में सहभागिता की.इस धार्मिक आयोजन के दौरान पूरे क्षेत्र में भक्तिमय माहौल बना रहा.स्थानीय लोगों ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम सामाजिक एकता और आध्यात्मिकता को मजबूत करते हैं।

## स्वास्थ्य कर्मी के असामयिक निधन पर भाजपा नेता ने जताया शोक




**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा(सारण)।** गौरा उप स्वास्थ्य केंद्र पर तैनात व सलीमापुर गांव निवासी पुनीत सिंह के असामयिक निधन पर भाजपा नेता मनोज कुमार सिंह ने उनके घर पहुंच शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी ओर से संवेदना प्रकट की और मृत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवा में तैनात कर्मी के असामयिक मौत से परिवार के साथ समाज का भी बड़ा क्षति है। इसकी पूर्ति नहीं की जा सकती। बता दें कि बीते दिन ड्यूटी के लिए घर से जा रहे थे तो दिवंगत श्री सिंह बिजली के नंगे तार की चपेट में आ गए थे और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। वहीं दूसरे हथिसार गांव के अनंत सिंह के निधन को भाजपा नेता व प्रदेश कार्य समिति सदस्य मनोज कुमार सिंह ने व्यक्तिगत क्षति बताया और कहा कि मेरे काफी बड़े समर्थक थे। उनके शोकाकुल परिवार से मिलकर इस दुख की घड़ी में संवेदना व्यक्त प्रकट करता हूं, ईश्वर दुःख की घड़ी में परिजनों को संबल दे। इस मौके पर मढ़ौरा पूर्वी निवर्तमान मंडल अध्यक्ष अनिल शर्मा, वृजभूषण सिंह, विजय राय, मढ़ौरा नगर मंडल अध्यक्ष राकेश सिंह उजाला समेत अन्य लोग भी उपस्थित थे।

## मारपीट मामले में प्राथमिकी

**हसनपुरा (सिवान)** एमएच नगर थाना के रजनपुरा निवासी विजय साह की पत्नी प्रीति देवी ने थाना में आवेदन देकर अपने पति समेत ससुराल के अन्य सदस्यों पर मारपीट कर घायल करने का आरोप लगाया है। उसने आवेदन में कहा है कि उसकी शादी रजनपुरा निवासी राजकुमार साह के पुत्र विजय साह के साथ हुई है। पहले सब कुछ ठीक ठाक था। अब मेरा एक पुत्र तथा एक पुत्री है। 26 मार्च को अपने घर में खाना बना रही थी। इसी बीच मेरे पति और मेरे ससुराल वाले आकर मायके से दो लाख रुपये मांग कर जाने का दबाव बनाने लगे तथा रुपये नहीं मांगने पर जान से मारने की धमकी देने लेगे। जब मैनें अपनी विवशता बताई तो विजय साह, राजीव कुमार, रवि साह, प्रिया कुमारी गाली गलौज करते हुए लाठी-डंडा से मारपीट करने लगे। किसी तरह मैनें अपनी जान बचाकर भागते हुए स्थानीय थाना पहुंचकर सुरक्षा की गुहार लगाई।

## उदीयमान सूर्य को दिया गया अर्घ्य, चैती छठ महापर्व का समापन

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के विभिन्न गांवों के छठ घाटो पर शुक्रवार को चार दिवसीय चैती छठ महापर्व का समापन हुआ। व्रतियों ने उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देकर पूजा पूरी की। यह पर्व एक अप्रैल को नहाय-खाय से शुरू हुआ था। दो अप्रैल को खरना हुआ। तीन अप्रैल को अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया गया। शुक्रवार को अंतिम दिन व्रतियों ने उगते सूर्य को अर्घ्य देकर व्रत तोड़ी। व्रतियों ने मशरक नगर पंचायत के सतीवारतीर, मालिक घाट, कवलेशरी घाट और प्रखंड क्षेत्र के अरना, बहरौली, चांद बरवा, बड़वाघाट, कवलपुरा, घोघिया, जजौली, दुरगौली, बंगरा, सेमरी, कर्ण कुदरिया, सोनौली समेत अन्य छठ घाटों पर सूर्य को अर्घ्य देकर पूजा संपन्न किया। एक अप्रैल को व्रतियों ने स्नान कर कद्दू, चावल और प्रसाद लिया। दो अप्रैल को गुड़-चावल की खीर, रोटी और फल का प्रसाद ग्रहण किया। तीन अप्रैल को डूबते सूर्य को अर्घ्य देकर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की गई। शुक्रवार की सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य देने के बाद पारण हुआ। इसके साथ ही महापर्व का समापन हुआ।

## जन सुराज पार्टी की बिहार बदलाव रैली को लेकर युद्ध स्तर पर चल रही है तैयारी- कुलदीप महासेठ

### रैली में सारण से पैंतीस हजार से अधिक लोग लेगें भाग




**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा।** आगामी 11 अप्रैल को पटना के गांधी मैदान में आयोजित बिहार बदलाव रैली में सारण से पैंतीस हजार से अधिक लोग भाग लेगें । सारण के सभी पंचायतों से 100 से अधिक लोग इस रैली में भाग लें रहे हैं। उक्त बातें जन सुराज पार्टी द्वारा बिहार बदलाव रैली की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को जिला संगठन कार्यालय मढ़ौरा में प्रेस वार्ता के दौरान जिला मुख्य प्रवक्ता कुलदीप महासेठ ने कही।उन्होंने कहा कि इसके लिए जन सुराज के राज्य परिषद के सदस्य, जिला, प्रखंड एव पंचायतों के तमाम पदाधिकारी व कार्यकर्ता आमलोगों से मिलकर इस रैली में भाग लेने का आह्वान कर रहे हैं जहां लोगों का आपार समर्थन भी मिल रहा है। वहीं जिला प्रभारी उर्मिला सिंह ने कहा कि हमारा प्रयास रहेगा कि उस रैली में सबसे ज्यादा भागीदारी सारण जिला से हो।आगे उन्होंने बताया कि यह बिहार बदलाव रैली उनलोगों के लिए है, जो बिहार में बदलाव देखना चाहते हैं। महिलाओं की संख्या सबसे अधिक रहेगी।जिलाध्यक्ष बच्चा राय ने बताया कि इस रैली को लेकर एक एक कार्यकर्ता उत्साहित हैं,यह रैली वैसे लोगों के लिए है जो शिक्षा के लिए पलायन कर रहें हैं, रोजगार के लिए पलायन कर रहें। जिन्हें बिहार में सही स्वस्थ की सेवा नहीं मिल रही। यह रैली गरीबों, छात्र, युवा,बेरोजगार किसान व महिलाओं की आवाज के लिए है।

## श्रीमद्भागवत कलियुग में मनुष्य का कल्याण करने वाला ग्रंथ है -कान्हा महाराज

**महाराजगंज (सिवान) ।** अनुमंडल मुख्यालय के नगर पंचायत वार्ड संख्या आठ में कपिया जागीर स्थित श्रीसती स्थान परिसर में आयोजित श्रीमद भागवत महापुराण कथा महोत्सव के दूसरे दिन प्रवचन की शुरुआत समाजसेवी पवन तिवारी ने पूजन व आरती से कराया। प्रवचन के दौरान श्रीधाम अयोध्या से पहुंचे संत कान्हा महाराज ने कहा कि श्रीमद्भागवत कलियुग में मनुष्य का कल्याण करने वाला ग्रंथ है। भारत भूमि पर नारी देवी का स्वरूप है। उन्होंने कहा कि व्यक्ति को अभिमान नहीं करना चाहिए। लाखों आए व इस मिट्टी में समा गए। फिर किस बात का अभिमान। जीवन भर व्यक्ति दूसरों के लिए कमाता है, लेकिन सिर्फ भजन व भगवान की भक्ति अपने लिए करता है। इस धरा पर मनुष्य के पास श्रीमद्भागवत के सिवाय कुछ नहीं है, जो उसका कल्याण कर सके। सुखदेव महाराज ने देवताओं को अमृत के बदले श्रीमद्भागवत देना स्वीकार नहीं किया। ब्रह्मांड के सभी ग्रंथों पर श्रीमद्भागवत भारी है। श्रीमद्भागवत में साक्षात श्रीकृष्ण विराजमान हैं। उन्होंने कहा कि भगवान की कथा सुनोगे तो भगवान का प्रभाव समझ में आएगा। कलियुग में धर्म श्रीमद्भागवत कथा में है। श्रीमद्भागवत की महिमा स्वर्ग में देवता भी करते हैं। श्रीमद्भागवत देवताओं को भी दुर्लभ है। स्वर्ग लोक में देवता कहते हैं कि धन्य है पृथ्वी लोक के लोग जिनके पास श्रीमद्भागवत है। उन्होंने कहा कि भारत भूमि पर नारी देवी का रूप है। भारत की हर एक नारी देवी है। इस मौके पर काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## गौरीगांवा में कबीर संतो का हुआ समागम

**दैनिक खोज खबर/परसा (सारण)।** कबीरा मन निर्मल भयो जैसे गंगा नीर , पाछे पाछे हरि खिले कहत दास कबीर के प्रसंग व दोहा के बीच कबीर पंथी संतो का समागम हुआ ।परसा प्रखंड के अन्याय पंचायत अंतर्गत गौरीगांवा गांव में संत गोरख प्रसाद के आवास पर शुक्रवार को क़बीरपंथ के संतो का समागम आयोजन किया गया । विभिन्न जिले के अलग अलग स्थानों से आए दर्जनों संतो द्वारा भजन कीर्तन व प्रवचन का आयोजन किया गया । इस अवसर पर साधु संत व महात्मा के द्वारा प्रबचन के माध्यम से ग्रामीणों को धर्म के गूढ़ तत्व से अवगत कराया गया । क़बीरपंथ के महंत सुरेन्द्र दास जी के नेतृत्व में सात्विक यज्ञ तथा गुरुपूजा का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में कबीर पंथ को मानने वाले अनुयायियों ने हिस्सा लिया । इस दौरान महंत सुरेन्द्र दासजी ने कहा कि कबीर समता मूलक समाज के लिए हमेशा संघर्ष करते रहे । सच्चे अर्थों में भक्ति कैसे की जाती है ,इसको अपनी वाणी व दोहा के माध्यम से संत कबीर ने उजागर किया है। समाज में छाए अंधविश्वास को हटाकर किस प्रकार ईश्वर को प्राप्त किया सकता है ।यह रास्ता संत कबीर ने दिखाया है। इस दौरान संत गोरख दास महाराज,हरदेव साहब,शिव कुमार साहब,धर्मदासजी,अजीत कुमार,नवीन दास,शिक्षक हरीश दास,हर्षित दास,शंभू दास,सुरेन्द्र दास,भोला दास सहित दर्जनों संत मौजूद थे।

## जन सुराज पार्टी की ओर से बिहार बदलाव रैली की तैयारी को लेकर प्रखंड स्तरीय बैठक आयोजित

**दैनिक खोज खबर/दिघवारा।** जन सुराज पार्टी द्वारा आगामी 11 अप्रैल को पटना के गांधी मैदान में आयोजित होने वाली बिहार बदलाव रैली की तैयारियों को लेकर दिघवारा पार्टी कार्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।बैठक में प्रखंड अध्यक्ष, प्रखंड कार्यसमिति, पंचायत संयोजक एवं पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। बैठक में पार्टी पदाधिकारियों ने रैली की सफलता हेतु रणनीति तैयार की और संगठन को मजबूत करने पर चर्चा की।सारन जिला अभियान की संयोजक जनार्दन सिंह चौहान ने प्रेसवार्ता कर रैली की तैयारियों को लेकर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रखंड के प्रत्येक पंचायत से कम से कम एक सौ लोग इस रैली में भाग लेंगे।लाखों की भीड़ इस ऐतिहासिक रैली में शामिल होगी, और हमारा प्रयास रहेगा कि दिघवारा से अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित हो। उन्होंने कहा कि यह बिहार बदलाव रैली उन सभी लोगों के लिए है, जो बिहार में बदलाव चाहते हैं। यह रैली उन विद्यार्थियों के लिए है जो शिक्षा के लिए पलायन करने को मजबूर हैं, उन युवाओं के लिए जो रोजगार की तलाश में बिहार से बाहर जा रहे हैं,और उन नागरिकों के लिए जिन्हें राज्य में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध नहीं हो पा रही हैं। यह रैली उन सभी प्रताड़ित लोगों की आवाज को बुलंद करेगी जो बिहार में एक नए बदलाव की उम्मीद रखते हैं। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने पूरी प्रतिबद्धता के साथ बिहार बदलाव रैली को ऐतिहासिक बनाने का संकल्प लिया। बैठक में जन सुराज पूर्व सभापति अशोक सिंह जिला महिला अध्यक्ष अमिता साहनी अनुमंडल संयोजक सौरभ दिघवारा प्रखंड महिला अध्यक्ष मैमून निशा मीडिया प्रभारी नीरज कुमार महताब आलम आदि मौजूद थे।

## भाजपा स्थापना दिवस की तैयारी को ले बैठक

**आंदर (सिवान)** दरौली विधानसभा क्षेत्र के दोन गांव स्थित एक मैरेज हाल में शुक्रवार को मंडल अध्यक्ष आर्यन राय की अध्यक्षता में शुक्रवार पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। बैठक में पार्टी के स्थापना दिवस को मनाने को लेकर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में बताया गया कि जनसंघ से भाजपा की यात्रा में यह तय हो गया कि राष्ट्र की राजनीति और विकास पथ में एक युग की शुरुआत भाजपा ही कर सकती है। उन्होंने कहा कि छह अप्रैल 1980 को भाजपा की स्थापना पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में हुई था। इन 45 वर्षों में अटल जी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में भारत एक विकसित भारत की दिशा में बढ़ रहा है। स्थापना दिवस के मौके पर भाजपा कार्यालय को भव्य रूप से सजाया जाएगा। साथ ही कार्यकर्ताओं के बीच मिठाइयां बांटी जाएगी। कहा गया कि छह अप्रैल को रामनवमी है, लिहाजा सभी कार्यकर्ता पूरे उत्साह से कार्यक्रम में शामिल होंगे। छह एवं सात अप्रैल को बूथ स्तर पर पार्टी की स्थापना दिवस मनाया जाएगा। वहीं आठ और नौ अप्रैल को विधानसभा स्तरीय सक्रिय सदस्यों का सम्मेलन आयोजित किया जाएगा जबकि 10, 11 और 12 अप्रैल को गांव, बस्ती एवं मोहल्ला चलो अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान भाजपा महादलित प्रकोष्ठ के जिला संयोजक मनोज कुमार राम, कुंदन सिंह, मंडल अध्यक्ष सत्येंद्र मिश्रा, पूर्व मंडल अध्यक्ष मुन्ना तिवारी, नंद कुमार ओझा,राणा प्रताप सिंह, वीरेंद्र दुबे, धुरेंद्र राय, जेता वर्मा समेत दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## अतिक्रमण कार्य रोकने के लिए डीएम को दिया आवेदन

**सिवान।** इस्माइल शहीद रोड निवासी डा. मोहम्मद राशिद शिबली ने डीएम व कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद को आवेदन देकर अतिक्रमण कार्य को रोकने का अनुरोध किया है। उन्होंने अपने आवेदन में बताया कि इस्माइल शहीद रोड निवासी तीन लोगों द्वारा पक्की सड़क जो बबुनिया रोड पानी टंकी से पूर्व की और जाकर बाइपास को जोड़ती है उस पर अतिक्रमण किया जा रहा है। इससे आम जनता को भारी असुविधा होगी। इससे पहले भी कुछ लोगों द्वारा अतिक्रमण कार्य शुरू किया गया था

## आरपीएफ ने अवैध वेंडरों के खिलाफ की कार्रवाई

**सिवान।** आरपीएफ ने जंक्शन पर अभियान चलकर अवैध वेंडरों के खिलाफ कार्रवाई की। इस मामले में आरपीएफ इंस्पेक्टर राजेश कुमार सिन्हा ने बताया कि गुरुवार को उप निरीक्षक जयेंद्र कुमार, सहायक उप निरीक्षक नंद किशोर सिंह, हेड कांस्टेबल परमेंद्र राय, हेड कांस्टेबल मनोज साह व कांस्टेबल सुभाष यादव गश्त एवं निगरानी के दौरान जंक्शन के प्लेटफार्म नंबर एक पर खड़ी गाड़ी संख्या 02564 तथा प्लेटफार्म पर बिना किसी वैध प्रमाण पत्र के खाने व पीने का सामान बेचने के जुर्म में पांच व्यक्तियों को खाद्य पदार्थ एवं पेय पदार्थ के साथ रेलवे की धारा 144 के अंतर्गत हिरासत में लिया गया। पकड़े गए राहुल शर्मा, मनोज कुमार बरनवाल, जलील अहमद, राजेश जायसवाल व सुधीर कुमार साह शामिल है।

## एसपी को आवेदन देकर इंस्पेक्टर पर लगाया प्रताडित करने का आरोप

**सिवान।** नगर थाना क्षेत्र के स्टेशन रोड निवासी ई. आर्य महेश्वरा नंद उर्फ लालू ने एसपी को आवेदन देकर नगर थाना इंस्पेक्टर राजू कुमार पर प्रताडित करने का आरोप लगाया है। उन्होंने अपने आवेदन में कहा कि 22 मार्च को करीब साढ़े आठ बजे रात में नगर थानाध्यक्ष दल बल के साथ मेरे घर पहुंचे तथा दरवाजा पीटते हुए गाली-गलौज करने लगे। जब आस-पास के लोग इकट्ठा हुए तो उन लोगों को भी गाली देते हुए भागने की बात कही। साथ ही नहीं हटने पर लाठी चार्ज करने की भी बात कही गई। उन्होंने यह भी कहा कि लालू एक अपराधी है। आवेदन में कहा है कि किसी के बहकावे में आकर नगर थानाध्यक्ष द्वारा मेरे साथ इस तरह का व्यवहार किया गया है।

## एसपी ने नगर थाना में की शांति समिति की बैठक

**सिवान।** सिवान प्रभारी एसपी नीरज कुमार सिंह ने शुक्रवार को नगर थाना सहित अन्य थानों का निरीक्षण कर विधि व्यवस्था के बारे में जानकारी ली। वहीं नगर थाना में शांति समिति की बैठक भी की। इस दौरान एसपी ने कहा कि रामनवमी शोभा यात्रा के पूर्व थानाध्यक्ष सभी रूटों का निरीक्षण कर लें। सभी जगहों पर मजिस्ट्रेट एवं पुलिस पदाधिकारी मौजूद रहेंगे। सभी सदस्यों ने विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी शांति एवं सद्भाव के साथ रामनवमी के आयोजन का भरोसा दिलाया। त्योहार के शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर प्रशासन को हर संभव सहयोग का विश्वास दिलाया। एसपी ने कहा कि शोभायात्रा में डीजे का प्रयोग पूर्णतः प्रतिबंधित किया गया है। जुलूस में अस्त्र शस्त्र तलवार, भाला, गड़ासा, हाकी स्टिक आदि को पूर्ण रूप से प्रतिबंधित किया गया है। कानून को हाथ में लेने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान सदर एसडीओ सुनील कुमार, सदर एसडीपीओ अजय कुमार सिंह, नगर थाना इंस्पेक्टर राजू कुमार सहित शांति समिति के सदस्य मौजूद थे।

## कौड़ियां पंचायत के तीन लाभुकों को मिला कबीर अंत्येष्टि का अनुदान चेक

**भगवानपुर हाट (सिवान)।** प्रखंड के कौड़ियां पंचायत में तीन मृतकों के स्वजनों को मुखिया राजकुमारी देवी एवं पंचायत सचिव मो. इरफान द्वारा शुक्रवार को अनुदान राशि का चेक प्रदान किया गया। मुखिया ने बताया कि जिन लाभुकों को कबीर अंत्येष्टि योजना के तहत अनुदान राशि दिया गया है वह काफी कमजोर परिवार से आते हैं। वैसे ही परिवार को इस योजना का लाभ मिलना चाहिए। उन्होंने बताया कि पंचायत सचिव के अनुशंसा के आधार पर चेक दिया गया है। जिन लाभुकों को चेक प्रदान किया गया है उनमें मृतक हीरामति देवी के आश्रित जीतू कुमार, मुख्तार हुसैन के आश्रित बेबी खातून तथा सुरेश मांझी के आश्रित शोभा देवी को तीन- तीन हजार का अनुदान राशि का चेक प्रदान किया गया है। इस अवसर पर मूरत मांझी आदि उपस्थित थे।

## कोर्ट वारंटी गिरफ्तार, जेल

**हसनपुरा(सिवान)** एमएच नगर थाना क्षेत्र के टड़वा गांव से गुरुवार की रात थानाध्यक्ष मिहिर कुमार के नेतृत्व में पुअनि रिंकू कुमारी ने एक कोर्ट वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार वारंटी गांव निवासी रूदल बैठा है। इस मामले में थानाध्यक्ष ने बताया कि उक्त अभियुक्त कोर्ट का वारंटी था जो पूर्व के मामले के दिन से फरार चल रहा था।

## रामनवमी पर्व को लेकर तैयारी जोर-शोर से चल रही

**दारौंदा (सिवान)** प्रखंड के बगौरा में रामनवमी जुलूस की तैयारी जोर-शोर से चल रही है। श्रद्धालु भक्त इसकी तैयारी में जुट गए है। समिति के सदस्य अमित कुमार सिंह उर्फ भीम सिंह ने बताया कि रामनवमी का जुलूस छह अप्रैल को न्यू मार्केट के समीप से निकाला जाएगा। जुलूस गढ़, मठिया मंदिर, देवी द्वार, पासी टोला, उदैनीपर, शिव मोड़, पुरानी बाजार, चौबाह स्थान होते हुए पुनः न्यू मार्केट पहुंचेगी। जुलूस में प्रशासनिक पदाधिकारी भी उपस्थित रहेंगे। शांति व्यवस्था के लिए पुलिस बल मौजूद रहेगी।

## उदीयमान सूर्य को अर्घ्य के साथ चार दिवसीय अनुष्ठान चैती छठ पर्व का समापन

**सिवान** जिला मुख्यालय समेत ग्रामीण क्षेत्रों में शुक्रवार की सुबह उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही चार दिवसीय अनुष्ठान शुक्रवार को संपन्न हो गया। सुबह के अर्घ्य को देने के लिए छठ घाटों पर काफी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ देखी गई। इस दौरान सभी ने सुख समृद्धि की कामना की, तत्पश्चात घर लौटने पर छठव्रतियों ने पारण कर छठ पूजा का समापन किया गया। इस दौरान एक-दूसरे को प्रसाद वितरण का कार्य देर शाम तक चलता रहा। गौरतलब हो कि पहले दिन मंगलवार को नहाय खाय के साथ छठ पूजा की शुरुआत हुई। बुधवार को छठव्रतियों ने खरना किया, गुरुवार को अस्ताचलगामी सूर्य और शुक्रवार को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही महापर्व का समापन किया गया।

## रामनवमी को ले डीएम-एसपी ने किया फ्लैग मार्च

सिवान। रामनवमी को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए डीएम मुकुल कुमार गुप्ता एवं प्रभारी एसपी नीरज कुमार सिंह ने हसनपुरा एवं हुसैनगंज में फ्लैग मार्च किया। इस दौरान स्थानीय पदाधिकारी एवं पुलिस बल के जवान शामिल थे। इस दौरान लोगों को रामनवमी जुलूस को शांतिपूर्ण माहौल में निकालने तथा शरारती तत्वों के विरुद्ध कार्रवाई करने का संदेश दिया गया।

# स्वास्थ्य मंत्री ने किया विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों का उद्घाटन

**सिवान।** बिहार सरकार के स्वास्थ्य सह कृषि मंत्री मंगल पांडेय ने जिले के हुसैनगंज, सिसवन एवं हसनपुरा में उप स्वास्थ्य केंद्रों का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रदेश में केंद्र एवं प्रदेश सरकार के नेतृत्व स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क, विद्युत समेत विभिन्न क्षेत्रों में विकास हो रहा है। जानकारी के अनुसार हुसैनगंज प्रखंड के बड़रम पंचायत में करीब 75 लाख रुपये की लागत से नवनिर्मित उप स्वास्थ्य केंद्र का उद्घाटन स्वास्थ्य, विधि व कृषि मंत्री मंगल पांडेय ने फीता काटकर तथा शीलापट का अनावरण कर किया। इस मौके पर मंत्री एवं विधायकों को अंगवस्त्र एवं बुके देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान मंत्री ने कहा कि सरकार की सोच है कि सुदूर इलाकों के ग्रामीणों को स्थानीय स्तर पर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने ग्रामीणों से अपील किया कि डब्ल्यूएचसी पर 146 प्रकार की दवाएं उपलब्ध हैं। इस मौके पर विधायक हरिशंकर यादव, दारौंधा विधायक कर्णजीत सिंह उर्फ व्यास सिंह, पूर्व विधान पार्षद मनोज कुमार सिंह, सीएस श्रीनिवास प्रसाद, भाजपा पश्चिमी जिलाध्यक्ष राहुल तिवारी, जिला पार्षद अनीता देवी, पूर्व जिलाध्यक्ष संजय पांडेय, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा. अंशु अंकित, एच रहमान, बीडीसी नन्हें पांडेय, बीएचएम एसरारुल हक सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित थे। वहीं स्वास्थ्य मंत्री ने सिसवन प्रखंड मुख्यालय में 6.70 करोड़ रुपये की लागत से बने रेफरल अस्पताल के नवनिर्मित भवन सहित एक एपीएचसी का उद्घाटन किया। साथ ही बघौना में 70 लाख की लागत से बने अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का उद्घाटन किया। ज्ञात हो कि सिसवन रेफरल अस्पताल एवं बघौना अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का भवन जून में ही तैयार हो गया था। भवन उद्घाटन का इंतजार कर रहा था। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बिहार सरकार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का यह प्रयास है कि आम आदमी, गरीब आदमी ग्रामीण क्षेत्रों के घर तक स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध हो। इसी के तहत जगह-जगह पर स्वास्थ्य केंद्र खोले जा रहे हैं। पुराने जर्जर भवन की जगह नए भवन का निर्माण कराया जा रहा है। केंद्र में काफी मात्रा में दवाएं उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने बताया कि रेफरल अस्पताल में करीब 300 एवं 116 प्रकार की दवाइयां अस्पताल के सबसे छोटे इकाई में भी रखी गई है। ग्रामीण और छोटे स्वास्थ्य केंद्र को टेलीमेडिस से जोड़ा गया है। जूनियर डाक्टर टेलीमेडिसीन के जरिए सीनियर डाक्टर से राय लेकर उपचार कर सकेंगे। सभी स्वास्थ्य केंद्र को आधुनिक टेक्नोलाजी से जोड़ा जा रहा है। इस मौके पर रेफरल चिकित्सा पदाधिकारी डा. आजाद, डा. शंकर भारती, मंडल अध्यक्ष अवधेश यादव, देवेंद्र तिवारी, रवींद्र सिंह, नमूना पासवान आदि उपस्थित थे।

## यमुनागढ़ सरोवर में अज्ञात युवती का शव मिलने से सनसनी

**बड़हरिया (सिवान)** –थाना क्षेत्र के यमुनागढ़ सरोवर में शुक्रवार को एक युवती का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। ग्रामीणों ने घटना की सूचना थाना को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच मामले की जांच की तथा शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। समाचार प्रेषण तक शव की पहचान नहीं हुई थी।बताया जाता है कि कुछ ग्रामीण यमुनागढ़ सरोवर की ओर गए थे तभी सरोवर में एक युवती का शव उपलाता हुआ दिखाई दिया। यह बात में जंगल में आग की तरह फैल गई। शव मिलने की सूचना मिलते ही काफी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर एकत्रित हो गए। ग्रामीणों ने शव मिलने की सूचना थाना को दी। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष रूपेश कुमार वर्मा, एसआइ खुशबू कुमारी, एएसआइ कौसर आलम घटनास्थल पर पहुंच घटना की जानकारी ली तथा शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। देखने में युवती की आयु करीब 20 वर्ष अनुमान लगाया जा रहा है। इस घटना को ले क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चा हो रही है। शव मिलने के बाद ग्रामीणों में इस बात की चर्चा रही कि युवती के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम देने के बाद हत्या कर शव को तालाब में फेंक दिया गया है। थानाध्यक्ष रूपेश कुमार वर्मा ने बताया कि युवती की मौत आत्महत्या प्रतीत हो रहा है। वह खुद तालाब में डूब कर अपनी जान दी है।

## नपं में यात्री वाहन पड़ाव बंदोबस्ती को न्यायालय में चुनौती

**मैरवा (सिवान)** –मैरवा नगर पंचायत में अस्थाई यात्री वाहन पड़ाव की बंदोबस्ती का मामला उच्च न्यायालय पहुंच गया है। पंचायत के एक वार्ड पार्षद ने इसे वित्तीय अनियमिता बताते हुए न्यायालय में परिवाद पत्र दाखिल की है। नगर पंचायत द्वारा अस्थाई यात्री वाहन पड़ाव की बंदोबस्ती वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए की गई है। इस बंदोबस्ती में नगर पंचायत द्वारा वार्षिक सुरक्षित जमा राशि 68 लाख 47 हजार 600 रुपये निर्धारित थी। इस बंदोबस्ती का विरोध करते हुए वार्ड पार्षद दुर्गेश कुमार ने इसे नगर पंचायत के नियमों के विपरीत बताया है। उन्होंने कहा है कि मैरवा नगर पंचायत में न तो स्थाई बस- टैक्सी स्टैंड है और ना ही इसके लिए निर्धारित समुचित नागरिक सुविधा भी उपलब्ध कराई गई हैं। वाहनों का पड़ाव सड़क के किनारे विभिन्न प्रमुख चौक-चौराहे के आसपास होता है जिससे यात्रियों एवं आम नागरिक को परेशानी का सामना करना पड़ता है। लोग जाम की समस्या से जूझते रहते हैं। जबकि अस्थाई यात्री वाहन पड़ाव की बंदोबस्ती पर प्रतिवर्ष लाखों रुपये नगर पंचायत अर्जित करता है। इससे प्राप्त होने वाली राशि को यात्रियों की सुविधा के लिए खर्च नहीं किया जाता है। अगर राशि खर्च की गई होती तो वाहनों का पड़ाव सड़क के किनारे इधर-उधर नहीं होता बल्कि मैरवा नगर पंचायत में स्थाई बस टैक्सी स्टैंड की व्यवस्था हो गई होती। वहीं यात्री पड़ाव स्थल पर पेयजल शौचालय यूरिनल जल निकासी समेत विभिन्न सुविधाओं की उपलब्धता भी होती। दुर्गेश कुमार ने उच्च न्यायालय से इस मामले की सुनवाई का अनुरोध किया है।

## मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के गुणों को गिनना असंभव – आचार्य डा. राजनारायण

**जीरादेई (सिवान)।** प्रखंड के तितरा में चल रहे श्रीविष्णु महायज्ञ एवं श्रीराम कथा के छठवें दिन शुक्रवार को आचार्य डा. राज नारायण राय ने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के गुणों को गिनना असंभव है, लेकिन उनके गुण प्रोत्साहन, रणनीति श्रीराम को मैनेजमेंट गुरु की संज्ञा दिलाता है। आचार्य ने कहा कि प्रभु श्रीराम का सबसे बड़ा गुण दूसरों को प्रोत्साहित करना था। ये कार्य उन्होंने बचपन से ही किया। अपने दोस्तों, भाइयों, अयोध्यावासियों को समय- समय पर प्रोत्साहित किया, तभी तो बानर व भालू जैसे मामूली से समझे जाने वाले जीवों ने भी लंका की लड़ाई में अहम भूमिका निभाई। साथ ही एक नन्हीं सी गिलहरी ने भी सेतु निर्माण में सहयोग दिया। आचार्य ने बताया कि यदि श्रीराम चाहते तो क्षणभर में लड़ाई को खत्म कर सकते थे लेकिन वे जनमानस को इतना ताकतवर बनाना चाहते थे ताकि वे रक्षकों से न डरें। इसलिए उन्होंने प्रत्येक को युद्ध में पराक्रम दिखाने का मौका दिया। दया के सागर श्रीराम ने हर अच्छे कार्य का श्रेय दूसरों को दिया। रावण वध, लंका विजय का श्रेय गुरु वशिष्ठ व भालू एवं बानरों की सेना को देते है। ।भगवान श्रीराम दोस्त एवं दुश्मन दोनों के मूल्य को समझे तभी तो मृत्यु शैय्या के निकट रावण के पास लक्ष्मण को ज्ञान की बातें सीखने के लिए भेजे। आचार्य ने कहा कि भगवान श्रीराम दूरदृष्टि रखते थे।

## अंतरराष्ट्रीय सेमिनार में शिक्षा एवं सामाजिक उत्तरदायित्व पर हुई विस्तृत चर्चा

**सिवान ।** सदर प्रखंड के पचौरा स्थित शुभवंती इंस्टीट्यूट आफ एजुकेशन में शुक्रवार को ÷विरासत शिक्षा~ सांस्कृतिक समन्वय, पहचान, संरक्षण एवं वैश्विक मानव भाव का संवर्धन÷ विषय पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सेमिनार का शुभारंभ किया गया। इसका उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष सह सदर विधायक अवध बिहारी चौधरी, गोपालगंज एमएलसी राजीव कुमार, संस्थान के सचिव एवं अध्यक्ष के अलावा देश-विदेश से आए मुख्य वक्ताओं द्वारा संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया गया। मुख्य अतिथि ने सेमिनार के विषय वस्तु पर चर्चा करते हुए कालेज के क्रियाकलापों की सराहना की। सचिव सतीश कुमार राय ने अंतरराष्ट्रीय सेमिनार के समस्त पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह सेमिनार प्रदेश व देश के शिक्षा जगत के लिए मील का पत्थर साबित होगा। अध्यक्ष डा. उपमा कुमारी राय ने संस्थान की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। साथ ही अतिथियों एवं सेमिनार के वक्ताओं को प्रतीक चिह्न व अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। इस सेमिनार में विदेशी वक्ता के रूप में शामिल यूनाइटेड किंगडम की प्रो. डा. लूसी गेस्ट ने कहा कि वेद एवं ऊँ जो हमारे अंदर है वह पूरे ब्रह्मांड में है, उन्होंने विषय वस्तु पर लोगों का ध्यान केंद्रित कराया। वहीं यूएसए से आए प्रो. हमजा अंसारी ने विरासत शिक्षा से संदर्भित अपनी अहम बातें लोगों के समक्ष रखी। आंबेडकर विश्वविद्यालय दिल्ली से आए प्रो. आनंद वर्धन ने शिक्षा एवं सामाजिक उत्तरदायित्व पर विस्तृत चर्चा की। इस सेमिनार में अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार साझा किए। सेमिनार को सफल बनाने में संस्थान के सभी प्राध्यापकों के अलावा रिसर्च स्कालर, बीएड तथा डीएलएड प्रशिक्षुओं की सराहनीय भूमिका रही।

## सुदूर इलाकों में स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता : स्वास्थ्य मंत्री

**दैनिक खोज खबर/सिवान।** बिहार सरकार के स्वास्थ्य सह कृषि मंत्री मंगल पांडेय ने जिले के हुसैनगंज, सिसवन एवं हसनपुरा में उप स्वास्थ्य केंद्रों का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रदेश में केंद्र एवं प्रदेश सरकार के नेतृत्व स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क, विद्युत समेत विभिन्न क्षेत्रों में विकास हो रहा है। जानकारी के अनुसार हुसैनगंज प्रखंड के बड़रम पंचायत में करीब 75 लाख रुपये की लागत से नवनिर्मित उप स्वास्थ्य केंद्र का उद्घाटन स्वास्थ्य, विधि व कृषि मंत्री मंगल पांडेय ने फीता काटकर तथा शीलापट का अनावरण कर किया। इस मौके पर मंत्री एवं विधायकों को अंगवस्त्र एवं बुके देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान मंत्री ने कहा कि सरकार की सोच है कि सुदूर इलाकों के ग्रामीणों को स्थानीय स्तर पर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने ग्रामीणों से अपील किया कि डब्ल्यूएचसी पर 146 प्रकार की दवाएं उपलब्ध हैं। इस मौके पर विधायक हरिशंकर यादव, दारौंधा विधायक कर्णजीत सिंह उर्फ व्यास सिंह, पूर्व विधान पार्षद मनोज कुमार सिंह, सीएस श्रीनिवास प्रसाद, भाजपा पश्चिमी जिलाध्यक्ष राहुल तिवारी, जिला पार्षद अनीता देवी, पूर्व जिलाध्यक्ष संजय पांडेय, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा. अंशु अंकित, एच रहमान, बीडीसी नन्हें पांडेय, बीएचएम एसरारुल हक सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित थे। वहीं स्वास्थ्य मंत्री ने सिसवन प्रखंड मुख्यालय में 6.70 करोड़ रुपये की लागत से बने रेफरल अस्पताल के नवनिर्मित भवन सहित एक एपीएचसी का उद्घाटन किया। साथ ही बघौना में 70 लाख की लागत से बने अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का उद्घाटन किया। ज्ञात हो कि सिसवन रेफरल अस्पताल एवं बघौना अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का भवन जून में ही तैयार हो गया था। भवन उद्घाटन का इंतजार कर रहा था। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बिहार सरकार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का यह प्रयास है कि आम आदमी, गरीब आदमी ग्रामीण क्षेत्रों के घर तक स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध हो। इसी के तहत जगह- जगह पर स्वास्थ्य केंद्र खोले जा रहे हैं। पुराने जर्जर भवन की जगह नए भवन का निर्माण कराया जा रहा है। केंद्र में काफी मात्रा में दवाएं उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने बताया कि रेफरल अस्पताल में करीब 300 एवं 116 प्रकार की दवाइयां अस्पताल के सबसे छोटे इकाई में भी रखी गई है। ग्रामीण और छोटे स्वास्थ्य केंद्र को टेलीमेडिस से जोड़ा गया है। जूनियर डाक्टर टेलीमेडिसीन के जरिए सीनियर डाक्टर से राय लेकर उपचार कर सकेंगे। सभी स्वास्थ्य केंद्र को आधुनिक टेक्नोलाजी से जोड़ा जा रहा है। इस मौके पर रेफरल चिकित्सा पदाधिकारी डा. आजाद, डा. शंकर भारती, मंडल अध्यक्ष अवधेश यादव, देवेंद्र तिवारी, रवींद्र सिंह, नमूना पासवान आदि उपस्थित थे। वहीं हसनपुरा प्रखंड के रजनपुरा में स्वास्थ्य मंत्री ने हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर का उद्घाटन फीता काटकर किया। इस दौरान उन्होंने चिकित्सकों व अन्य स्वास्थ्य कर्मियों से स्वास्थ्य संबंधित जानकारी ली। इस मौके पर बीडीओ आनंद प्रकाश सिंह, सीओ उदयन सिंह, थानाध्यक्ष मिहिर कुमार के अलावा रामनाथ सिंह कई जनप्रतिनिधि व ग्रामीण उपस्थित थे।

## बीडीओ ने प्रखंड समन्वय समिति की बैठक

**भगवानपुर हाट (सिवान)।** प्रखंड कार्यालय सभागार में शुक्रवार को बीडीओ कुमार विशाल की अध्यक्षता में प्रखंड समन्वय समिति की बैठक हुई। बैठक में प्रखंड क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की गई। इसमें प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा, वृद्धा पेंशन, दाखिल खारिज, भू स्वामित्व प्रमाण पत्र, आंगनबाड़ी केंद्रों के संचालन, जनवितरण प्रणाली, प्रखंड क्षेत्र के स्कूलों के संचालन, बिजली आपूर्ति तथा नलजल योजना की समीक्षा की गई। वहीं बैठक में आदर्श ग्राम पंचायत के रूप में चयनित कौड़िया पंचायत में सभी क्षेत्रों में विकास करने पर चर्चा की गई। इसके लिए बीडीओ ने प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी, पंचायत सचिव एवं मनरेगा जेई को प्रखंड में संचालित हो रही विभिन्न योजनाओं का स्थल निरीक्षण कर गुणवत्तापूर्ण कार्य कराने का निर्देश दिया। बैठक में रामनवमी के अवसर पर क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखने की रणनीति पर चर्चा करते हुए सीएचसी को आपातकाल सेवा के लिए स्वास्थ्य टीम गठन करने का निर्देश दिया गया। बैठक में सीओ धीरज कुमार पांडेय, बीपीआरओ प्रवीण भास्कर, प्रखंड कृषि पदाधिकारी दीनानाथ राम, डा. चंद्रमोहन सिंह, महिला पर्यवेक्षिका मंजू कुमारी, बीसीओ राकेश कुमार, प्रखंड कार्यालय के प्रधान सहायक राजीव कुमार आदि उपस्थित थे।

## एनएच पर चावल लदा ट्रक पलने से 10 घंटे तक आवागमन रहा बाधित

### राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 227ए पर लहेजी गांव की घटना

**बसंतपुर (सिवान)** मलमलिया-सिवान राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 227ए पर बसंतपुर थाना क्षेत्र के लहेजी स्कूल के समीप गुरुवार की देर रात सड़क पर बीचों-बीच चावल लदा ट्रक के पलटने से मार्ग पर बड़े वाहनों का आवागमन करीब 10 घंटे तक बाधित रहा। जानकारी के अनुसार करीब 45 टन चावल लदा बड़ा ट्रक यूपी से पड़ोसी देश बांग्लादेश जा रहा था। इसी बीच गुरुवार की रात 12 बजे के करीब चालक द्वारा ट्रक से नियंत्रण खो देने से वाहन सड़क पर आड़े-तिरछे पलट गया। चालक के झपकी आने से घटना होने की लोग संभावना जाहिर कर रहे थे। घटना की सूचना मिलते ही बसंतपुर थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची व ट्रक को सड़क से हटाने का प्रयास शुरू कर दी। कड़ी मेहनत के बाद शुक्रवार की सुबह करीब 10 बजे ट्रक को सड़क से हटाकर आवागमन बहाल किया गया। चालक गोरेयाकोठी के सिसई गांव का ही निवासी बताया जाता है। घटना में किसी भी प्रकार के क्षति की कोई सूचना नहीं है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुटी है। घटना के बाद घटनास्थल के दोनों तरफ बड़े वाहनों की लंबी कतार लग गई। छोटे चार पहिया वाहन को किसी तरह किनारे से वाहनों को आगे ले जाने में सफल हो रहे थे, लेकिन ट्रक व अन्य बड़े वाहनों के चालकों के लिए कोई विकल्प ही नहीं था। लंबी कतार लगने से वे वाहन को मोड़ दूसरे मार्ग को भी चुनने का विकल्प खो चुके थे। जब सुबह 10 बजे सड़क से पलटे ट्रक को हटाया गया, तब जाकर जाम में फंसे वाहन चालकों ने चैन की सांस ली और अपने गंतव्य स्थल को रवाना हुए।

## प्रारंभिक विद्यालयों में प्रातः कालीन कक्षा संचालन सात से

**दारौंदा (सिवान)।** प्रखंड के प्रारंभिक और माध्यमिक विद्यालयों में प्रातः कालीन कक्षा संचालन सात अप्रैल से शुरू होगा। इस संबंध में निदेशक माध्यमिक शिक्षा द्वारा विद्यालयों की समय सारणी जारी की गई है जिसमें सुबह 6:30 से सात बजे तक बजे तक प्रार्थना, पहली घंटी सुबह 7:00 बजे से 7:40 बजे तक, दूसरी घंटी 7:40 से 8:20 बजे तक, तीसरी घंटी 8:20 बजे से 9:00 बजे तक, 9:00 बजे से 9:40 तक मध्यांतर /एमडीएम, चौथी घंटी 9:40 से 10:20 बजे तक, पांचवीं घंटी 10:20 बजे से 11:00 बजे तक, छठी घंटी 11:00 से 11:40 बजे तक, सातवीं घंटी 11:40 से 12:20 बजे तक होगी। अपराह्न 12:20 बजे से बच्चों की छुट्टी हो जाएगी। वहीं 12:20 बजे से 12:30 बजे तक प्रधानाध्यापक के स्तर से शिक्षकों द्वारा पढ़ाए गए विषयों की समीक्षा, अगले दिन के लिए कार्य योजना एवं छात्रों को दिए गए गृह कार्य की समीक्षा एवं जांच की जाएगी। ग्रीष्मकालीन वर्ग संचालन सात अप्रैल से जून तक पूर्वाह्न 6:30 से अपराह्न 12:30 बजे तक संचालित होगा।

